हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



टाउनशिप में पूरे दिन हल्की बारिश



# दिनभर चली रिमझिम बारिश, धान के अंकुरण के लिए वरदान, जिले में अब तक 357.7 मि.मी. औसत बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दो दिनों से छाए बादल मंगलवार को बरसे। पूरे दिन रूक-रूक कर रिमझिम बारिश होती रही। यह बारिश खेतों में बोए गए बीज अंकुरण के लिए वरदान जैसा है। इसलिए कि जो किसान सीधे धान की बोनी कर चुके हैं उन्हे ऐसी ही बारिश का इंतजार हो रहा था।

नर्सरी सिस्टम से खेती करने वाले किसानों को अभी और अच्छी बारिश का इंतजार है। जिससे किसानों के खेतों में भरपूर पानी भर सके और वहां धान फसल की नर्सरी को लगाया जा सके। रिमझिम हो रही बारिश से ट्विनसिटी का वातावरण जरूर सुहाना हो गया है।

तापमान 28.6 आ पहुंचा है जो सामान्य से 2. 4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। 22 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

### अब तक हो चुकी 357.7 मिमी औसत बारिश

जिले में 1 जून 2026 से 21 जुलाई तक 357.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 479.1 मिमी तहसील बोरी में तथा न्यूनतम 249.3 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 397.1 मिमी, तहसील पाटन में 405.5 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 322.1 मिमी और तहसील अहिवारा में 293.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 21 जुलाई 2026 को तहसील दुर्ग में 5.2 मिमी, तहसील धमधा में 1.8 मिमी, तहसील पाटन में 24.1 मिमी, तहसील बोरी में 1.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 5.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 1.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### इस तरह चल रहा है मानसूनी सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, हमीरपुर, सीधी, रांची, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय

चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से उत्तर पूर्व अरब सागर तक छत्तीसगढ़ होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

प्रवेश प्रारंभ
श्रेयस (प्रा.) I.T.I.
Affiliated By : NCVT & DGET)
New Delhi (Govt. of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राइवेट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
अनुभवी प्रशिक्षक
पता: ग्राम व पोस्ट ढ़ौर (जामुल), जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9479207995, 9993776717, 9755112637

## खबर संक्षेप

### दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले दो गिरफ्तार



**भिलाई।** दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले दो ससुरालियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम सहगांव नंदिनी निवासी नवविवाहिता को ससुराल वाले दहेज का डिमांड कर प्रताड़ना करते थे। इससे परेशान होकर विवाहिता ने आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाया। मामले की जांच के बाद नंदिनी पुलिस ने अपने निवास से फरार चल रहे युवराज पटेल ,प्रकाश पटेल को ग्राम सिमगा से पकड़ा है। दोनों नंदिनी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी धमधा के मार्गदर्शन में नंदिनी पुलिस और कर्मियों ने फरार आरोपी को पकड़ने के लिए मुखबिर को तैयार कर जगह-जगह दबिश दिया। सूचना मिलने पर तुरंत दोनों को गिरफ्तार किया है।

## रिसाली निगम का सफाई टेंडर दूसरी बार फेल

# जैम पोर्टल में सफाई ठेका 9 करोड़ का वर्तमान एजेंसी को दे रहे 12 करोड़

### निविदा के चलते सफाई व्यवस्था है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली की सफाई ठेका मुश्किलों से घिर गया है। जारी दूसरा टेंडर भी फेल हो गया है। निविदा प्रक्रिया में कोई कंपनी दिलचस्पी नहीं दिखा रही। केवल एक सेंगमेंट रोड व नाली सफाई ठेंडर में एक कंपनी ने आवेदन किया। इसलिए निगम ने सफाई टेंडर निरस्त कर दिया है। एक सेगमेंट में तीन-तीन कंपनियों की जरूरत पड़ेगी। तभी सबसे कम रेट की निविदा भरने वाले कंपनी को यह ठेका दिया जा सकेगा। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ सरकार के जैम पोर्टल के माध्यम से यह टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। दूसरा टेंडर की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए 15 जुलाई का समय तय किया गया था।



यह तस्वीर वार्ड क्रमांक 17 स्टेशन मरोदा की है। यहां कचरों का ढ़ेर महीनेभर से डंप है। यह स्थिति और भी वार्डों में देखी जा सकती है। इसकी वजह है कि सफाई टेंडर प्रक्रिया पिछले दो महीने से चल रही है। टेंडर जिसे मिलेगा वहीं आगे पूरे रिसाली निगम की सफाई व्यवस्था देखेगा। इसलिए सफाई कार्य औपचारिक तरीके से हो रही है। नालियों की स्थिति तो पूरे वार्डों में बेहद चिंताजनक है। लोगों ने बताया कि कर्मी कभी -कभार नाली सफाई करने के लिए आते हैं। बारिश में नालियां जाम हो रही है। बाजारों में भी सफाई व्यवस्था यूं ही चल रही है। निगम की वर्तमान शहर सरकार का कार्यकाल केवल कुछ महीने शेष है। इसलिए महापौर और उनकी कार्यसमिति भी कोई दिलचस्पी दिखा नहीं रही।

### जैम पोर्टल में 9 करोड़ का ठेका और वर्तमान में 12 करोड़ से काम

रिसाली निगम द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से सफाई ठेका की निविदा करवाई जा रही है। जिसमें रोड व नाली सफाई करीब 4.72 करोड़ रुपए की है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 4.27 करोड़ रुपए रखी गई है। यानी दोनों मिलाकर करीब 9 करोड़ रुपए से सफाई का पूरा कार्य करवाया जाना है। वर्तमान में एलमेक ठेका एजेंसी सफाई का कामकाज कर रही है। इस एजेंसी को वर्तमान में 12 करोड़ रुपए सफाई के लिए मिलते हैं। इस हिसाब से जैम पोर्टल यानी सरकारी निविदा दर से वर्तमान एजेंसी को 3 करोड़ रुपए ज्यादा रेट पर कार्य कर रही है। वर्तमान एलमेक एजेंसी को ठेका कार्य सामान्य सभा में प्रस्ताव लाकर दिया गया है। वहीं सरकारी निविदा दर जैम पोर्टल में इस तरह ज्यादा अंतर आने की वजह से निविदा में हिस्सा लेने के लिए एजेंसियां रूचि नहीं दिखा रही है।

### इस तरह तीन सेंगमेंट में हो रही है निविदा

रिसाली निगम के अंतर्गत कुल 40 वार्ड हैं। इनमें से 33 वार्डों की सफाई व्यवस्था इस टेंडर के दायरे में रखी गई है। शेष 7 वार्ड भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के सेक्टर क्षेत्र में आते हैं, जहां सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी बीएसपी के पास है। नए टेंडर में पहले सेगमेंट के तहत वाडों में नाली और कचरा सफाई के लिए करीब 250 कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। दूसरे सेगमेंट में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और तीसरे सेगमेंट में एसएलएमआर सेंटरों में कचरे के पृथक्करण एवं निष्पादन का कार्य शामिल किया गया है।

### पहले इस तरह चार हिस्सों में सफाई कार्य

रिसाली निगम में इससे पहले सफाई व्यवस्था चार भागों में संचालित हो रही थी। पहले, दूसरे व तीसरे भाग में आठ-आठ वार्ड शामिल किए गए थे। चौथे भाग में 9 वार्डों की सफाई काम शामिल था। इस तरह कुल 33 वाडों में सफाई व्यवस्था रही। शेष 7 वार्ड बीएसपी के अंतर्गत था। ग्रुप वन में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 22, 23 व 24 शामिल रहे। ग्रुप दो में वार्ड क्रमांक 13, 14, 25, 26, 27, 2829, 30, व 31 शामिल रहे। ग्रुप तीन में वार्ड क्रमांक 15,16,17,18,1920 व 21 शामिल थे। ग्रुप चार के अंतर्गत वार्ड 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39 व 40 को शामिल रहे हैं।

### 12 करोड़ के ठेके को लेकर चल रहा है तकरार

रिसाली निगम में सफाई ठेके को लेकर पिछले दो साल से जमकर विवाद चल रहा है। वर्तमान में सफाई व्यवस्था का संचालन एल्मेक ठेका कंपनी कर रही है। इस कंपनी को 12 करोड रुपए में दिए गए इस ठेके की अवधि समाप्त होने के बाद नई निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं होने से कंपनी को समयावधि बढ़ाकर काम जारी रखने की अनुमति दी गई है। महापौर व उनकी परिषद इस कंपनी का ठेका अवधि नहीं बढाने के लिए जमकर विरोध किया। ठेका अवधि इस कंपनी की समाप्त हो जाने के बाद सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी और सफाई कर्मी के पास काम नहीं था। इस मुद्दे को लेकर सफाई कर्मियों ने मेयर निवास का घेराव किया। मेयर व उनके सहयोगी पार्षदों ने आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोला। नतीजा मेयर व इन पार्षदों के खिलाफ संभागायुक्त कोर्ट में मामला चल रहा है।

# बाइक सवार बीएसपी कर्मी को हाइवा ने ठोका, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सोमवार की रात अज्ञात हाइवा की ठोकर से बीएसपी कर्मी की मौत मौके पर हो गई। घटना सेक्टर 5 चौक के पास की है।

भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि जेपी चौक के पास तेज रफ्तार से आ रही डम्पर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 04 एलएच 3204 में सवार खुर्सीपार निवासी श्याम राव की मौके पर मौत हो गई वे बीएसपी कर्मी था। सोमवार को वे अपने दो दोस्तों के साथ मरोदा स्थित अपने ससुराल गए थे। लौटकर उन्हें नाइट ड्यूटी पर जाना था। लेकिन उनके साथ सड़क हादसा होने से मौत हो गई। बाइक पर मृतक एक बाइक पर तीन लोग सवार थे। हादसे दो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतक श्याम के शव को पीएम के लिए मरचूरी रवाना किया गया। बताया गया है कि हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक की तलाश कर रही है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। फरार चालक की शिनाख्त कर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार करेगी। हादसे में घायलों का उपचार जारी है।

- घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की
- बाइक में तीन लोग सवार थे
- दो का जारी है उपचार

### जामुल और रानीतराई के प्रभारी बदले

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने दो निरीक्षक, तीन उप निरीक्षक और एक सउनि का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें पुलिस लाइन के निरीक्षक राकेश खुटेश्वर जामुल, हुबलाल चंद्राकर रानीतराई, उनि कोमल सेंगर खुर्सीपार, वेदराम चंद्रवंशी धमधा, प्रमोद सिन्हा भिलाई तीन और सउनि अश्वनी सिंह का पुलगांव तबादला किया है।

## पुलगांव पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

# वृद्ध महिला से अनाचार का प्रयास, गला घोंटकर व बोल्डर पटककर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लापता महिला के साथ अनाचार का प्रयास कर सिर पर बोल्डर पटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि अपने घर से भगवंतीन साहू 55 वर्ष अपने घर से 16 जुलाई की सुबह से काम पर निकली थी। लेकिन उस शाम घर नहीं लौट पाई। पति कृष्णा देशमुख, दामाद दिलीप निर्मलकर के साथ आसपास खोजबीन करने के बाद भगवंतीन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलगांव पुलिस थाने पहुंचकर गुमशुदगी का अपराध दर्ज कराया। उसी रात पुलगांव नाला फ्लाईओवर के पास झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की जानकारी पुलिस को हुई। मौके पर पुलिस पहुंची शव को जिला अस्पताल के मरचूरी में रखवा दिया गया। परिजनों को शिनाख्त के लिए पुलिस ने बुलाया। जिसकी शिनाख्त भगवंतीन के रूप में हुई। पीएम में वृद्ध महिला भगवंतीन के सिर, चेहरे और हाथ पर गंभीर चोटें होने की रिपोर्ट मिली। महिला की हत्या की पुष्टि होने के बाद जांच का दायरा बढ़ा दिया गया। पहले पुलिस ने आसपास लगे करीब 300 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। क्षेत्र के लोगों, मजदूरों और ई-रिक्शा के चालकों से भी पूछताछ की गई। तकनीकी जानकारी और मिले सुरागों के आधार पर संदेह होने पर ग्राम पीसे गांव पुलगांव निवासी हर्ष यादव और चंदखुरी नितेश ठाकुर को पकड़ा गया। दोनों का फूटेज पुलिस के पास पहुंच चुका था महिला के साथ जाते उसमें दिखाई दे रहा था। इस दौरान सीएसपी हर्षित मेहर मौजूद थे।

### सीसी कैमरों से पुलिस आरोपी तक पहुंची



### पहले गुमराह फिर किया स्वीकार

पुलिस ने बताया कि हर्ष और नितेश को जब पुलिस ने पकड़ा तो काफी देर तक गुमराह करते रहे। लेकिन जब उनके सामने तकनीकी समेत कई सुराग रखे गए तो वे टूट गए और महिला की हत्या करने की बात स्वीकार किया। पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि घटना वाले दिन बाइक से अलग-अलग जगह घूम रहे थे। दोनों नशे की हालत में थे, तभी तहसील कार्यालय के पास भगवंतीन साहू से मुलाकात हुई। दोनों ने महिला को पैसों का लालच दिया और ई-रिक्शा से पुलगांव नाला के पुराने पुल के पास लेकर गए। पुलिस के मुताबिक महिला के साथ जबरदस्ती करने का भी प्रयास किया। महिला ने इसका विरोध किया और पुलिस में शिकायत करने की धमकी देने पर आरोपी घबराकर दोनों ने उसकी हत्या कर शव को नाले में फेंकर फरार हो गए।

### हत्या कर लिफ्ट मांगकर हुए फरार

पुलिस जांच में सामने आया कि पहले हर्ष यादव ने अपने गमछे से मृतका भगवंतीन का गला दबाया। नितेश ठाकुर ने पास में पड़े बड़े बोल्डर उठाकर सिर चेहरे पर कई वार किए। फिर हर्ष ने भी उसी पत्थर से हमला किया। इस दौरान महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद दोनों आरोपी पैदल पुलगांव चौक पहुंचे। वहां से लिफ्ट लेकर चंदखुरी भाग निकले। पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने अपने कपड़े बदल दिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया बोल्डर पत्थर, घटना के समय पहने गए कपड़े समेत कई सुराग जब्त किया। दोनों आरोपियों अपने बाइक से घूमने निकले थे। पैसा नहीं था तो वापस चंदखुरी जाकर के अपने मोबाइल को 2,000 रुपये में बेचा।

## कोहका में चोरी

# शटर का ताला तोड़कर 60 हजार किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शटर का ताला तोड़कर दुकान से नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कोहका कुरूद रोड पर पी मिश्रा एण्ड इलेक्ट्रानिक्स संचालक सुमंत कुमार मिश्रा है। घटना की रात दुकान बंद कर शटर में ताला जड़कर संचालक घर निकल गया। 19 जुलाई की सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का पीछे का शटर टूटा पड़ा मिला। दुकान के भीतर गल्ले में रखे गए नगदी 60 हजार रुपए गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर रकम की कोई जानकारी नहीं होने पर शिकायत पुलिस से की गई।

# जीएसटी टीम की दबिश जांच में जुटे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जीएसटी टीम ने लोहा कारोबारी के यहां दबिश देकर उसे रायपुर पकड़कर ले गई है।

जानकारी के मुताबिक उतई निवासी विजय यादव आयरन एवं स्टील स्क्रैप का कारोबारी है। छत्तीसगढ़ की जीएसटी की टीम को टैक्स चोरी की जानकारी लगने पर मंगलवार को देर शाम टीम पहुंचकर विजय यादव को अपने साथ लेकर चली गई। आरोप है कि कारोबारी विजय यादव पर करीब 10 करोड़ रुपये का टैक्स चोरी किया है। इनका कारोबार दुर्ग और रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में फैला हुआ है।

टीम ने 6 माह पहले भी कारोबारी से पूछताछ की थी। लेकिन साक्ष्य नहीं मिलने पर कार्रवाई नहीं की। साक्ष्य जुटाने के बाद जीएसटी की टीम प्लान के तहत पहुंची और कारोबारी पर कार्रवाई की। यह स्पष्ट अभी नहीं हो पाया कि कितने का टैक्स चोरी है।

## पुलगांव थाना के पास की घटना

# ठेकेदार का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अज्ञात ठेकेदार का सारा सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदखुरी भाठा निवासी रमाशंकर साहू ठेकेदारी का काम करता है। जिसका काम वृद्धा आश्रम पुलगांव मे चल रहा था। 20 जुलाई की शाम काम बंद कर स्टोर रुम में ताला जड़कर घर निकल गया। 21 जुलाई की सुबहआश्रम साईड में पहुंचने पर पता चला कि स्टोर रुम का ताला टुटा पड़ा मिला। अंदर जाकर देखने पर ब्रेकर मशीन बडा , एक नग लोहे काटने का कटर मशीन , केबल वायर थ्रीफेस लगभग 150 मीटर , 3 नग बोर्ड वायर लंबाई लगभग 100 मीटर , लोहे का छोटा टुकडा (स्क्रै प) पुराना इस्तेमाल 30 हजार रुपए का गायब मिला। शिकायत पुलिस से की गई है।

## जिला स्तरीय उर्वरक उड़नदस्ता दल के निरीक्षण में सामने आई अनियमितता

# बिना लाइसेंस उर्वरक भंडारण पर कार्रवाई, गोदाम सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/अंडा

खरीफ सीजन 2026 को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने जिले में उर्वरक एवं कीटनाशक के भंडारण और विक्रय की सघन जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय उर्वरक उड़नदस्ता दल ने ग्राम-निगरी (अंडा) स्थित एक परिसर में बड़ी मात्रा में उर्वरक और कीटनाशक का अवैध भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए गोदाम को सील कर दिया।निरीक्षण के दौरान गोदाम से बड़ी मात्रा में डीएपी, सुपर फास्फेट, कृषि उपयोगी रसायन तथा अन्य उर्वरक सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा उर्वरक पैकिंग एवं सिलाई में उपयोग होने वाली मशीनें, खाली एवं भरी बोरियां तथा अन्य सामग्री भी पाई गई। विभाग ने सभी वस्तुओं की सूची तैयार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



### किराये से चल रहा है दुकान

जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान मकान मालिक ने बताया कि परिसर किराये पर दिया गया है। मौके पर संबंधित व्यक्ति उपलब्ध नहीं हुआ। निरीक्षण दल द्वारा संपर्क करने और उपस्थित होने के निर्देश दिए जाने के बावजूद संबंधित व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद विभागीय अधिकारियों ने पंचनामा तैयार कर गोदाम को सील कर दिया। कृषि उपसंचालक संदीप भोई ने बताया कि जांच में गोदाम के भीतर बड़ी मात्रा में उर्वरक एवं कृषि आदान सामग्री का भंडारण पाया गया। प्रारंभिक जांच में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन की आशंका जताई गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिना वैध अनुज्ञप्ति के उर्वरकों का व्यवसाय करना, निर्धारित अभिलेखों का संधारण नहीं करना तथा उर्वरक भंडारण एवं विक्रय संबंधी नियमों का पालन नहीं करना गंभीर अनियमितता है।

### लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए राज्य शासन ने 10 जुलाई को जारी किया था आदेश

# सरकारी फरमान बेअसर : खुले गड्ढों से जान का खतरा, सुरक्षा उपाय नहीं

**शहर की सड़कों में जगह-जगह गड्ढे, बारिश होते ही हादसों को दे रहे निमंत्रण, शहर के 60 वार्डों में ऐसे ही हालात**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में सड़कों में बन आए गड्ढों को पाटने को लेकर दुर्ग निगम ने अब तक कोई इंतजाम नहीं किए हैं। इसे लेकर महज खानापूर्ति की जा रही है। इतना ही नहीं निर्माणाधीन स्थलों पर भी सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। इसके चलते हादसों की आशंका बनी हुई है। बता दें कि निर्माणाधीन स्थलों, स्कूलों सहित अन्य ऐसे स्थलों पर जहां गड्ढे हैं और उनमें बारिश का पानी जमा हो गया है। उन सभी जगहों पर निगरानी रखने के आदेश राज्य शासन ने 10 जुलाई को जारी किया था। इसके लिए निकायों के आयुक्त और सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसी सारी जगहों का सर्वे कराएं। उन जगहों की पहचान कर वहां यथासंभव सुरक्षा गार्ड की तैनाती करें। सुरक्षा बोर्ड लगाए जाएं, घेरा किया जाए। अन्य प्रकार से संकेतक लगाए जाएं। ताकि किसी प्रकार का हादसा सामने न आ सके। नगरीय प्रशासन ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रति माह पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। लापरवाही सामने आने पर संबंधित पर कार्रवाई भी सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इसके अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि शहर के लगभग सभी वार्डों में सड़कों में गड्ढे हैं। वहां बारिश का पानी जमा हो रहा है। इसकी वजह से हादसे की संभावना बनी हुई है, लेकिन पेंचवर्क नहीं कराया गया है। कुछ जगहों पर मलबा डालकर उसे पाटने की कोशिश जरूरी की गई, लेकिन बारिश होते ही उन जगहों पर पुनः गड्ढा बन आया।








फोटोः संजय पांडेय

#### घंटेभर की तेज बारिश में आउटर की कॉलोनियां जलमग्न

बता दें कि घंटेभर की तेज बारिश के बाद शहर की कई कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां पानी भर जा रहा है। पद्मनाभपुर, उत्कल नगर, आदित्य नगर से सिंधिया नगर मार्ग, आशा नगर, शक्तिनगर, शंकर नगर, बांधा तालाब, मोतीपारा, गयानगर, राजीव नगर, नयापारा, महावीर कॉलोनी, खंडेलवाल कॉलोनी, बैजनाथ पारा, डिपरापारा, गंजपारा का कुछ क्षेत्र, बोरसी, पोटिया सहित कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बारिश का पानी भर रहा है। पर्याप्त निकासी नहीं होने की वजह से यह समस्या बन रही है। नालियां जाम होने की वजह से दिक्कत बनी हुई है।

#### शहर में ऐसे स्थलों की भरमार, मोड़ की नालियां भी खुली हुईं

शहर में यहां-तहां गड्ढों की भरमार है। कई जगह ऐसे हैं, जहां मोड़ पर नालियां खुली हुई हैं। बारिश होने पर नजर नहीं आती। इसके अलावा बारिश होने के साथ ही सड़क पर गड्ढे बन आए हैं। लगातार सोशल मीडिया में ऐसे गड्ढे वायरल भी हो रहे हैं। बावजूद अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। आदित्य नगर सड़क, मोतीपारा, बांधा तालाब क्षेत्र, पोटिया मार्ग, गया नगर, शिवपारा, सिद्धार्थ नगर सहित अन्य जगहों पर गड्ढे हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य के दौरान कॉलोनियों में खुले में जगहों को छोड़ दिया गया है। इस वजह से हादसे का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा कातुलबोड़ मार्ग, अंडर ब्रिज से लगा भिलाई पहुंच मार्ग, जहां बारिश का पानी जमा हुआ है। नेहरूनगर-धमधा नाका बाइपास से लगे दोनों तरफ के मार्ग से तो गुजरना तक मुश्किल हो रहा है।

**खबर संक्षेप**

### स्मार्ट मीटर से जनता परेशान : मुकेश साहू



**दुर्ग।** बढ़ते बिजली के बिल को लेकर आम जनता परेशान है। कांग्रेस इसे लेकर जल्द बड़ा प्रदर्शन करेगी। जिला शहर कांग्रेस के महामंत्री मुकेश साहू ने कहा कि बढ़ते बिजली बिलों के कारण आम एवं गरीब परिवारों का जीवन कठिन होता जा रहा है। प्रदेश के अनेक गांवों और कस्बों में लोगों को प्रति माह 3,000 से 5,000 रुपये तक के बिजली बिल मिल रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में वृद्धि देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली बिलों के माध्यम से आम परिवारों से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है। लगाए गए स्मार्ट मीटरों की तत्काल जांच कर आवश्यकतानुसार उन्हें बदला जाए। साथ ही स्मार्ट मीटर आधारित बिलिंग की समीक्षा की जाए।

## शिक्षकों की शत-प्रतिशत बायोमीट्रिक उपस्थिति हो और आयुष्मान कार्ड बनाने चलाया जाए अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों का निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- **शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नियमों के अनुरूप ही होगी**

बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वर्तमान में यदि स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक किसी अन्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं, तो उनकी प्रतिनियुक्ति पूरी तरह नियमानुसार होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित शिक्षक की मूल नियुक्ति वाले विभाग तथा जिस विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं, दोनों विभागों से विधिवत अनुमति प्राप्त होना अनिवार्य होगा। साथ ही जिस विभाग में शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, वहां स्वीकृत सेटअप के अनुसार रिक्त पद उपलब्ध होना भी आवश्यक है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में सभी प्रकरणों की समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जिले के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सार्वजनिक मार्गों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले धार्मिक स्थलों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थलों को नियमानुसार प्रतिस्थापित अथवा हटाने की कार्यवाही की जानी है। इसके लिए जिला एवं अनुविभाग स्तर पर समितियों का गठन किया गया है।



#### आयुष्मान कार्ड और व्यय वंदन के लिए लगेंगे शिविर

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अनुविभाग स्तर पर समिति की बैठक आयोजित कर ऐसे धार्मिक स्थलों का चिन्हांकन करें तथा उनकी सूची, स्थलवार फोटोग्राफ एवं आवश्यक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों की शत-प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को शासकीय ई-मेल आईडी उपलब्ध कराकर शासकीय फाइलों का डिजिटल माध्यम से त्वरित संचालन सुनिश्चित करने, आयुष्मान कार्ड एवं व्यय वंदन योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने, दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने, जलजनित रोगों की रोकथाम, नियमित फॉगिंग एवं छिड़काव कराने तथा 1 अगस्त से प्रीपेड बिजली व्यवस्था लागू होने से पहले सभी विभागों के लंबित बिजली बिलों का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में निजी स्कूलों में बायोमीट्रिक अपडेट शिविर आयोजित करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने तथा खाद की उपलब्धता की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, जनदर्शन एवं पीजीएन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खेरधा में चारागाह की जमीन पर बायोगैस प्लांट की मंजूरी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

खेरथा में प्रस्तावित बायो गैस सीएनजी प्लांट के निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। सैकड़ों ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर इसे लेकर विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन का कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित प्लांट के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने तथा जनभावनाओं और पर्यावरणीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

- **कलेक्टोरेट पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत**

ग्रामीणों ने बताया कि जिस भूमि पर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, वह वर्षों से ग्रामीणों एवं आसपास के गांवों के पशुओं के लिए महत्वपूर्ण चरागाह भूमि के रूप में उपयोग में लाई जाती रही है। इस भूमि पर निर्माण होने से पशुपालकों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न होगा तथा पशुओं के लिए चारे की समस्या और अधिक बढ़ जाएगी। पूरी प्रक्रिया में तहसीलदार द्वारा ग्राम सभा एवं पंचायत प्रस्ताव आपति को खारिज करना सीधे तौर पर पेशा एक्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करना है। ग्राम सभा

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रस्तावित प्लांट के संचालन से दुर्गंध, प्रदूषण, भूजल पर प्रतिकूल प्रभाव, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तथा आसपास के गांवों के पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की परियोजना के लिए ग्रामवासियों की आपत्तियों और सुझावों का समुचित निराकरण किए बिना निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जो जनहित के विपरीत है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर चरागाह भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा यदि प्लांट की स्थापना आवश्यक हो तो इसके लिए किसी अन्य उपयुक्त शासकीय भूमि का चयन किया जाए, जिससे ग्रामीणों, किसानों और पशुपालकों के हित प्रभावित न हो। इस अवसर पर सरपंच जितेंद्र टंडन, हेमंत साहू, नरेश कुमार उपाध्याय, मंगलू सिन्हा, नवाब अली, अरुण साहू, महेंद्र साहू, रवि चेलक, दया साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## शिवनाथ मुक्तिधाम जर्जर, हर तरफ पसरी गंदगी, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम इन दिनों जर्जर है। शेड से जहां पानी टपक रहा है, वहीं पूरे परिसर में गंदगी पसरी हुई है। इतना ही नहीं लकड़ियों को गोले पड़े हुए हैं। इसकी वजह से यहां जहरीले जीव-जंतुओं का बसेरा हो गया है। अंतिम संस्कार में पहुंचने वाले लोग भयभीत हो रहे हैं। इसे लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण ब्रांड एंबेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही ने महापौर अलका बाघमार से मामले को लेकर शिकायत की।

- **डॉ. पाणिग्राही ने महापौर को सौंपा ज्ञापन**



महापौर ने कहा शीघ्र मुक्तिधाम का मेंटेनेंस कराया जाएगा। डॉ. पाणिग्राही ने महापौर को अवगत कराया कि अंतिम संस्कार संपन्न हो इसके लिए शेड की रिपेरिंग तथा अंतिम संस्कार बेड क्रमांक 1,2 जिसमें गड्ढे हो गए हैं। उसकी रिपेयरिंग आवश्यक है। उन्होंने राय साहब दाऊ माधो प्रसाद चंद्राकर जलाशय, जिसे ठगडा बांध के नाम से पहचाना जाता है, उसमें पानी न भरने के संबंध में भी वस्तु स्थिति से अवगत कराया। महापौर ने कहा कि जिस जलाशय से पानी भरा जाता था, वह नीचे हो गया है। ठगड़ा बांध ऊंचा हो गया है। साथ ही रेलवे द्वारा पानी आने का रास्ता बंद कर दिया था, उसे खुलवाया गया था। पुन रेलवे को जानकारी दी जा रही है।

### जिला अस्पताल में 3 चिकित्सकों की नियुक्ति जल्द

**दुर्ग।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत जिला अस्पताल दुर्ग में रिक्त विषय विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर संविदा भर्ती के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित की है। यह भर्ती 1 अगस्त से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए अस्थायी संविदा नियुक्ति के आधार पर की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार भर्ती के अंतर्गत मेडिकल विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट एवं पैथोलॉजिस्ट के एक-एक पद सहित कुल 3 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ 27 जुलाई को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट www.durg.gov.in में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

## स्कूल-कॉलेज में चलेगा नशामुक्ति अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने मंगलवार को क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रूआबांधा के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में विभागीय समय-सीमा प्रकरणों और काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने मानसून की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए संभाग के जिलों में खरीफ फसल बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। संभाग आयुक्त ने कहा कि किसानों द्वारा बोये गये खरीफ बीज अंकुरण नहीं होने की स्थिति में वैकल्पित बीज की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए, साथ ही किसानों को दोबारा बोनी के लिए शीघ्र बीज उपलब्ध करायी जाए। बीज निगम के प्रबंधक ने बताया कि दुर्ग जिले में कृषि विभाग द्वारा खरीफ-2026 के लिए मांग 29827 क्विंटल के विरूद्ध उपलब्धता 30391.76 क्विंटल है। अब तक विभिन्न माध्यम से किसानों हेतु कुल 29643.64 क्विंटल बीज प्रदाय किया गया है। बीज निगम में 7489.12 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसमें धान 737.10 क्विंटल, अरहर 4.80 क्विंटल के अलावा रागी, कोदो उड़द, मूंग एवं हरी खाद सन का बीज प्रमुख है।

- **संभाग आयुक्त ने हरियाली बिखेरने दिया**

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने जिलों में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण लैब की जानकारी लेते हुए कहा कि मानपुर, मोहला एवं खैरागढ़ ने भी उक्त लैब की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को मृदा परीक्षण कराने में सहुलियत हो। संभाग आयुक्त ने नशा-मुक्ति अभियान पर जोर देते हुए स्कूल-कॉलेजों एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जनजारूकता रैली, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित कार्यालयों में कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से ही कराने निर्देशित किया।

### लोक कर्म विभाग की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों की प्रगति पर सख्त नजर

## शंकरनाला किनारे अतिक्रमण, निगम ने हटाने बनाई कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम लोक कर्म विभाग के प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के सभी जोनों में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। चन्द्राकर ने प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए यह समीक्षा की कि कौन-कौन से कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, कौन से कार्य प्रगतिरत हैं तथा किन कार्यों का कार्यादेश जारी होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है।

- **समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश**



उन्होंने लंबित कार्यों के कारणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में नियोजन एवं लोक कर्म समिति के विभिन्न विषयों पर लिए गए निर्णयों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान आरआई एवं पटवारी की मांग, शंकर नगर पानी टंकी क्षेत्र का सीमांकन एवं घेराबंदी, शंकर नाला में बोल्डर एवं गाद की सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग को पत्र प्रेषित करने तथा नाला किनारे हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नगर निगम के समस्त वार्डों में आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, पार्षद निधि से सीसीटीवी कैमरों के संधारण एवं नए कैमरे लगाने, निगम में इंजीनियरों की आवश्यकता, वार्ड क्रमांक 57 स्थित शंकर नाला के एनीकट की चौड़ाई बढ़ाकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने सहित विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन,गोविंद्र देवांगन, सरस निर्मलकर, आशीष चन्द्राकर, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, मो. सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, सुरेश केवलानी, पंकज साहू सहित नगर निगम के विभिन्न जोनों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### वार्ड-34 में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, फेंक रहे कचरा

बैठक में वार्ड 34 स्थित आवासीय क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा मलबा फेंके जाने पर रोक लगाने, सरस्वती नगर आवास की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण, वार्ड क्रमांक 34 में नाली एवं पुलिया मरम्मत का प्राक्कलन तैयार करने, शास्त्री चौक तालाब के अतिरिक्त जल की निकासी को नाले से जोड़ने, गंजपारा रोड से नदी रोड जाने वाले मार्ग पर महावीर पार्क के समीप नाली को सीधा कर जल निकासी व्यवस्था सुधारने, अधोसंरचना मद से नाली, सड़क एवं बाउंड्रीवाल निर्माण तथा सभी वार्डों में डस्ट फिलिंग के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। चन्द्राकर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो तथा जिन कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## निधन

### हुलराम देवांगन

**पाटन।** नगर पंचायत वार्ड 10 सुभाष क्लब पाटन निवासी हुलराम देवांगन (65) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पाटन के मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे बाबू लाल देवांगन के बड़े भाई और संदीप देवांगन के बड़े पिता थे।



### पंकज वर्मा

**भिलाई।** कुरुद (भिलाई) निवासी पंकज वर्मा दादु (17) का आकस्मिक निधन हो गया। पंकज भिलाई स्थित रुंगटा कॉलेज में बी.ई. प्रथम वर्ष के छात्र थे।वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे हिरेंद्र वर्मा के सुपुत्र, हिमांशु वर्मा के बड़े भाई, संतोष वर्मा व सोनू वर्मा के भतीजे तथा बहादुर वर्मा के नाती थे। उनका अंतिम संस्कार कुरुद स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



### सुंदर प्रकाश सिंह

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में सेवारत सुंदर प्रकाश सिंह का निधन हो गया। वे रिट्ज 47 गणपति विहार बोरसी दुर्ग में निवासरत थे। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 22 जुलाई को दोपहर 01 बजे राम नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सौम्या आनंद सिंह और शाश्वत आनंद सिंह के पिता थे।



### सत्यभामा मेश्राम

**भिलाई।** 13/1 कोसानगर पूर्व भिलाई निवासी दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष राजू मेश्राम की माता सत्यभामा मेश्राम 79 वर्ष का निधन 21 जुलाई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 22 जुलाई को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम सुपेला भिलाई में किया जाएगा। वे नंदू मेश्राम व अनिता मेश्राम की मां थीं। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के सभी पदाधिकारी उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।




## गुमशुदगी सूचना

सार्वजनिक सूचना मेरा Chhattisgarh Nurses Registration Council, Raipur द्वारा जारी B.Sc. Nursing & Midwifery Registration Certificate दिनांक 01/07/2026 को कहीं गुम हो गया है। नामः Ku. Himani Katlam पंजीयन क्रमांक (Registration No.): IX-5829 इस संबंध में मैंने संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। यदि किसी व्यक्ति को यह प्रमाणपत्र मिले तो कृपया निम्न मोबाइल नंबर पर संपर्क करें- +918319754589

सूचनाकर्ता
Ku. Himani Katlam



## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार डॉ. राजेश पी. आ. दामोदरन आयु 54 वर्ष निवासी - CHPL-11 अपोलो अस्पताल रोड स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) आ.नं- 952138220635 वर्तमान द्वारा - House No.38/268A, Kottiyattu Paramba Kann ancherri, Panniyan kara, P.O.Kallai, Kozikkode - 673003 Kerala, Mo. no - 9349158833, 9769790607 से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशों के अनुसार उनकी ओर से इस आम सूचना के मार्फत सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने अपनी हक व स्वामित्व की :-

1. फ्लैट जुनवानी रोड भिलाई फेज-1 सूर्या टावर 9-ए, फ्लैट नंबर-301, क्षेत्रफल - 1171.43 वर्गफीट।
2. इंडिपेंडेंट हाउस भिलाई, जुनवानी रोड और बिल्टअप बंगला क्षेत्रफल - भू-तल- 1204 वर्गफीट व प्रथम तल-1204 वर्गफीट सूर्य विहार, भिलाई फेस-2 -वार्ड क्रमांक-2, जिला-दुर्ग (छ.ग)।
3. सूर्या रेजीडेंसी, रो हाउस ई-71 क्षेत्रफल - 1836 वर्गफीट. कोहका भिलाई जिला-दुर्ग।
4. रो हाउस कोसा नगर वार्ड नंबर-3 /71/3 नेहरूनगर, (पश्चिम), ब्लॉक-71, प्लॉट-3, क्षेत्रफल - 1196 वर्गफीट, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग)
5. ग्राम मेडेसरा, तहसील - अहिवारा जिला-दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नं-339/1 रकबा 0.82 हे., खसरा नं-339/2 रकबा 0.82 हे.।
6. ग्राम-पथरिया, तहसील - अहिवारा जिला - दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नं-475 / 1 रकबा 0.14 हे., खसरा नं-477 रकबा 0.39 हे. खसरा नं-481 रकबा 0.78 हे. खसरा नं-482 रकबा 0.86 हे.
7. ग्राम - फूलझर तहसील व जिला - राजनांदगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं-457 रकबा 0.563 हे.।
8. ग्राम - बैगाटोला तहसील व जिला - राजनांदगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं-333 / 2-3-4-5-6-7 व 334 / 3 कुल रकबा - 2.51 हे.।
9. ग्राम - देवादा तहसील व जिला - राजनांदगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं-58/7 रकबा 0.52 हे. व खसरा नं-58/8 रकबा 0.1130 हे.।
10. ग्राम - देवादा तहसील व जिला - राजनांदगांव स्थित अवासीय भूमि समृद्धि परिसर फेस-2 प्लाट नं-158 क्षेत्रफल - 3179 वर्गफुट।
11. ग्राम-बिरेझर तहसील व जिला - राजनांदगांव स्थित कृषि भूमि खसरा नं - 85 रकबा 0.729 हे.।

जिसे मेरे पक्षकार द्वारा अपनी पत्नि श्वेता राजेश पी. व अपने नाम पर खरिदी गयी है जिसे प्रदीप शर्मा आ. के. एम. शर्मा मो.नं- 9179245514 द्वारा जाली वसीयतनामा तैयार उसे असल के रूप में प्रयोग कर तहसील कार्यालय में अपने नाम पर कर विक्रय करने का कुप्रयास किया जा रहा है।

जिसके कारण सर्वसाधारण से अनुरोध है कि मेरे पक्षकार द्वारा खरीदे गये उपरोक्त वर्णित भवन व भूमि को क्रय करने का सौदा ना करें और ना ही किसी प्रकार का संव्यवहार करें, सूचना प्रकाशन के बाद भी मेरा पक्षकार के उपरोक्त भूमि व मकान को क्रय करने संबंधी संव्यवहार किसी व्यक्ति/संस्था या समिति द्वारा की जाती है तो वह पूर्णतः अवैध व शून्य माना जावेगा तथा संव्यवहार करने वाले की सम्पूर्ण जिम्मेदारी होगी। इस सूचना के माध्यम से आम सूचना दी जा रही है कि उक्त वर्णित भूमि व मकान के संबंध में किसी प्रकार की कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी ना किया जावे एवं ना ही नामांतरण किया जावे।

अतः सूचना जाने।

दुर्ग दिनांक 21.07.2026

ललित ठाकुर (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग)
मो. 9827485177, 8770156033


## उप मुख्यमंत्री साव ने किया था नए भवन का लोकार्पण

# जर्जर भवन में चल रहा है तहसील दफ्तर, जोखिम के बीच दे रहे सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

### महीनों बाद भी नहीं हुआ कार्यालय का स्थानांतरण




आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए तहसील भवन का लोकार्पण उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा किए जाने के बावजूद आज तक धमधा तहसील कार्यालय का नए भवन में स्थानांतरण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप आम जनता और कर्मचारी आज भी वर्षों पुराने जर्जर भवन में काम करने को मजबूर हैं।

वर्तमान तहसील कार्यालय की स्थिति लगातार बदहाल होती जा रही है। भवन में जगह का अभाव, बैठने की अपर्याप्त व्यवस्था, भीड़भाड़ और अन्य अव्यवस्थाओं के कारण प्रतिदिन दस्तावेज़ी कार्यों के लिए आने वाले नागरिकों को घंटों परेशान होना पड़ता है। बारिश के मौसम में भवन की जर्जर स्थिति लोगों की चिंता और बढ़ा देती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नए भवन के लोकार्पण के समय उम्मीद जगी थी कि जल्द ही तहसील कार्यालय नई बिल्डिंग में संचालित होगा, लेकिन समय बीतने के बाद भी भवन उपयोग में नहीं आ पाया। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि नए भवन में फर्नीचर, बिजली, नेटवर्क या अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शेष हैं तो उन्हें तत्काल पूरा कर कार्यालय का स्थानांतरण किया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर वातावरण में शासकीय सेवाएं मिल सकें। अब लोगों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर नई तहसील भवन का इंतज़ार कब समाप्त होगा और जनता को जर्जर भवन की परेशानी से कब राहत मिलेगी।




### शाला प्रवेश उत्सव मनाया

**निकुम।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निकुम में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में पालक समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू व शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी सहित अतिथियों ने सर्व प्रथम मां सरस्वती पूजा अर्चना किया। वहीं सभी नव प्रवेशी बच्चो को तिलक लगाकर बच्चों का मुंह मीठा कर नए पुस्तक वितरित किया गया। इस अवसर पर व्यक्त करते हुए सेजस पीटीएम अध्यक्ष दिलीप साहू ने कहा शाला प्रवेश उत्सव केवल रस्म नहीं है, छत्तीसगढ़ की मजबूती रखने की नींव का संकल्प है।

### गो रक्षा का आग्रह किया सर्वोदय मंडल ने

**पाटन।** जिला सर्वोदय मंडल दुर्ग की ओर से मां कर्मा भवन तेलीगुंडरा में बैठक रखी गई। जिसमें गो सम्मान दिवस और गो रक्षा संबंधित मुख्य आग्रह किए गए। बैठक में सर्वोदय मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू, उपाध्यक्ष भोलाराम पटेल, महामंत्री सुमन कौशिक, उपाध्यक्ष गीता वर्मा सिंह, कोषाध्यक्ष पुनाराम सिंह, सदस्य श्यामलाल साहू, गरीबदास साहू, भगवती कौशिक,कामता राम साहू, बलिराम साहू, दुलार सिंह, जोधन वर्मा, पंचराम साहू, दशरथ यादव आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### साइकिल से बेटियों की शिक्षा को मिलेगी नई गति



**उतई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंडेरा में मंगलवार को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। चंद्राकर ने कक्षा 9वीं की 31 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों को विद्यालय तक नियमित एवं सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित होगी। ये साइकिलें छात्राओं की शिक्षा यात्रा को सुगम बनाते हुए उनके सपनों को नई उड़ान देंगी। दीक्षा यादव, अर्पित साहू, खुशबू निर्मलकर, रश्मि यादव, वीणा साहू, सिया बाग, खुशी साहू, दिशा भारती, सोनम, प्रतिमा बेहरे, मधुलिका नायक सहित अन्य। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द साहू, पार्षद विक्की चंद्राकर, हरीश नायक, महामंत्री रोहित धनकर, पुनाराम कलिहारी, इंद्रजीत सोनी, प्रेम नारायण वर्मा, केशव महिपाल, योगेश महिपाल, नारायण निर्मलकर, हर्ष चंद्राकर, दुर्गेश साहू, नंदकुमार साहू, प्राचार्य सरिता मसी, व्याख्याता रमा अग्निहोत्री, राम मिलन सिन्हा, जे. संजय, आर.आर. घर, संगीता आनंद सहित प्राचार्य सरिता मसी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### ओवरहेड टैंक का पाइप लाइन फटा



**भिलाई।** जामुल नगर पालिका के वार्ड 14 में ओवरहेड टैंक की मुख्य पाइप लाइन फट गई। इससे पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर वहां पहुंचे और अधिकारियों को पाइपलाइन की मरम्मत तुरंत करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्य की सतत निगरानी करने और जलापूर्ति शीघ्र सामान्य करने को कहा।

### दहेज मुक्त आदर्श विवाह की कायम की मिसाल



**कुम्हारी।** समाज से दहेज प्रथा, नशा और दिखावे जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से 19 जुलाई शनिवार को समीपस्थ ग्राम खपरी में दहेज मुक्त विवाह (रमैनी) का आयोजन हुआ। संत रामपाल महाराज के सान्निध्य में हुई इस पहल में वर अजय दास पिता किसुन (ग्राम धरनी) और वधु नेहा दासी पिता जीवन दास (ग्राम सांकरा) प्रणय सूत्र में बंधे। इस विवाह की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें न कोई दहेज लिया गया, न कोई फिजूलखर्ची हुई और ना ही किसी प्रकार का दिखावा किया गया दोनों परिवारों ने अत्यंत सादगी के साथ इस नए रिश्ते की शुरुआत की। इस अवसर पर संत रामपाल महाराज द्वारा समाज हेतु 'अन्नपूर्णा मुहिम' के तहत किए जा रहे सराहनीय कार्यों को भी याद किया गया। इस सादगीपूर्ण विवाह में दुर्ग जिले के कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से जिला संयोजक खेमेंद्र दास ब्लॉक संयोजक देवेंद्र दास, मोहन दास, धनसिंह दास शैलेश दास आदि उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज



**पाटन।** पाटन विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल व पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला गुजरा के लगभग 200 छात्र -छात्राओं को दुर्ग निवासी जी. एन. वर्मा परिवार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज कराया। इस दौरान जी एन वर्मा ने ग्राम गुजरा के नागरिकों से ऐसा आयोजन करते रहने की अपील की। न्योता भोज कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल व पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला गुजरा के शिक्षक शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### एसबी बाय एटी ज्वेलर्स का रथयात्रा महोत्सव ऑफर, ग्राहकों को डबल फायदा



**भिलाई।** अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने अपने 69वें स्थापना वर्ष के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव ऑफर की शुरुआत की है। यह विशेष ऑफर 26 जुलाई तक रहेगा। नेहरू नगर, अग्रसेन चौक स्थित एसबी बाय एटी ज्वेलर्स के संचालक शांतिलाल बराड़िया ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा आस्था, विश्वास और सेवा का प्रतीक है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए संस्थान ने अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक बचत योजना प्रस्तुत की है। इस विशेष ऑफर के तहत प्रति 10 ग्राम सोने के आभूषणों की खरीद पर 7,000 तक की सीधी बचत तथा पुराने सोने के एक्सचेंज पर प्रति 10 ग्राम 1,957 रुपए का अतिरिक्त मूल्य दिया जा रहा है। संस्थान का उद्देश्य ग्राहकों को शुद्ध, प्रमाणित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के आभूषण उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है।

### सही इलाज से मिला कूल्हे के असहनीय दर्द से छुटकारा



**भिलाई।** 42 वर्षीय एक पुलिस कर्मी को 2 साल से कूल्हे में असहनीय दर्द था। चलने फिरने में भी तकलीफ हो रही थी। धीरे-धीरे तकलीफ बढ़ती चली गई। उठना-बैठना तो दूर, लेटे रहने में भी तकलीफ होने लगी। हाईटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दीपक सिन्हा ने जांच की तो पाया कि उसके दाहिनी तरफ का कूल्हे का जोड़ लगभग खराब हो चुका था। मरीज को सिकल सेल एनीमिया (सिकलिंग) की शिकायत थी। यह रक्त कोशिकाओं को छोटा कर ब्लॉक कर देता है। इससे हड्डियों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंचता। इसे ऑस्टियोनेक्रोसिस कहते हैं। जांच के बाद मरीज की टोटल हिप रीप्लेसमेंट सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दूसरे ही दिन दर्द से मुक्ति मिली। एक सप्ताह बाद उसे छुट्टी दे दी गई। डॉ. सिन्हा ने बताया कि ऐसे मामलों में जोड़ प्रत्यारोपण का विकल्प चुनना बेहतर होता है। इससे न केवल तकलीफ से स्थाई आराम मिल जाता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बढ़ जाती है।

### शकुन्तला विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** नीट 2026 परीक्षा का परिणाम में शकुन्तला विद्यालय एवं शकुन्तला विद्यालय - 2, रामनगर, भिलाई के 15 विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। परिणामों के अनुसार आर्यन गायकी (577 अंक), अदिति मिश्रा (545), पियूष पटेल (506), अमन कुमार सिंह (488), मोहम्मद शहीद (462), सृष्टि चौधरी (400), महेश जंघेल (400), निधि पटेल (377), देविका जंघेल (366), प्रांजल पोटई (322), आदित्य चौरसिया (303), प्रज्ञा वर्मा (300), प्रियांशी चंद्राकर (278), छवि सिंह बघेल (266) एवं राजनंदिनी पैइका (236) शामिल हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।

### आरोग्यम में एक साल में 20 से अधिक पेनाइल इम्प्लांट सर्जरी



**दुर्ग।** गंभीर इरेक्टाइल डिस्फंक्शन (ईडी) से पीड़ित पुरुषों की आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग लगातार सर्जरी जारी है। रविवार को अस्पताल में एक ही दिन में दो अमेरिकी पेनाइल इम्प्लांट सर्जरी की गईं। पिछले एक वर्ष में अस्पताल में 20 से अधिक पेनाइल इम्प्लांट सर्जरी (18 से अधिक अमेरिकी एवं 2 भारतीय इम्प्लांट) की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार जिन पुरुषों में दवाइयों या अन्य उपचारों से लाभ नहीं मिलता, उनके लिए पेनाइल इम्प्लांट केवल एक सर्जरी नहीं, बल्कि खोया हुआ आत्मविश्वास, दांपत्य जीवन की खुशियां और बेहतर जीवन गुणवत्ता वापस पाने का प्रभावी समाधान है। इस उपचार से अनेक मरीजों और उनके जीवनसाथियों के जीवन में फिर से विश्वास, आत्मीयता और मुस्कान लौटी है। अस्पताल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दरुका एवं डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों की टीम और मरीज-केंद्रित उपचार के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** दुर्ग ओम ज्वैलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 b प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स अपने भाव शोरूम के लिए जाना माना है। जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। श्री सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। सोनी ने बताया कि पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट )एवं 750(18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध है। जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच, जीतना सोना उतना चांदी फ्री ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है। नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है। आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।



# मुख्य द्वार के सामने ट्रांसफार्मर बना हादसे का कारण, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

- किसान बंधु संगठन ने विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

ग्राम परसबोड़ में आवासों के मुख्य द्वार के सामने स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर को लेकर ग्रामीणों में लगातार भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। इस गंभीर जनहित एवं सुरक्षा संबंधी समस्या को लेकर किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक की ओर से प्रहलाद ढीमर ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, विद्युत वितरण केंद्र धमधा के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर को तत्काल सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम परसबोड़ में प्रहलाद ढीमर, मन्नूराम, नेमसिंह साहू एवं सेवाराम के घरों के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित है। आबादी के बीच लगे इस ट्रांसफार्मर के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि विशेषकर बरसात के मौसम में ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग, तकनीकी खराबी, आग लगने तथा करंट फैलने जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इससे आसपास रहने वाले बच्चों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर को नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

किसान बंधु संगठन ने विद्युत विभाग से मांग की है कि मौके का तत्काल निरीक्षण कर ट्रांसफार्मर को आबादी से सुरक्षित दूरी पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि संभावित दुर्घटना से बचाव हो सके और ग्रामीणों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

इस मौके पर बाबा टेकसिह चंदेल किसान नेता, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, मोती राम वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, मनसुख साहू, पहलाद ढीमर, कमल सिंह, पंचराम साहू इत्यादि किसान मौजूद रहे।


HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पेपर लीक के खिलाफ सुपेला चौक में प्रदर्शन, शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग

## सोनम वांगचुक को अनशन स्थल से हटाने पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हम भारत के लोग संगठन द्वारा मंगलवार को सुपेला घड़ी चौक में नीट पेपर लीक, सीबीएसई उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन में हुई अनियमितताओं, नई शिक्षा नीति–2020 तथा राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को अनशन स्थल से जबरदस्ती उठाकर केंद्र सरकार विरोध की आवाज को दबा नहीं सकती। विभिन्न राजनीतिक दलों, जन संगठनों, सामाजिक संगठनों, छात्र-युवा संगठनों और आम नागरिकों ने अपनी-अपनी संगठनात्मक पहचान से ऊपर उठकर संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग की भावना के साथ एकजुट होकर सरकार की जनविरोधी शिक्षा नीतियों के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफा सहित शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, वैज्ञानिक और संविधान की भावना के अनुरुप बनाने की मांग राष्ट्रपति से की गई।




### नीट पेपर लीक की हो न्यायिक जांच

वक्ताओं ने मांग की कि दोषियों को कठोर दंड दिया जाए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से हटाया जाए अथवा उनका तत्काल इस्तीफा लिया जाए, नई शिक्षा नीति–2020 और वर्तमान राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली को तत्काल वापस लिया जाए तथा शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और संविधान की समानता की भावना के अनुरूप बनाया जाए। यदि सरकार ने इन मांगों की अनदेखी की, तो देशभर में व्यापक जन आंदोलन तेज किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे संसद मार्च में भाग लेने के लिए दिल्ली नहीं पहुंच सके, लेकिन पूरी तरह उस आंदोलन के साथ है। दिल्ली में आंदोलनरत छात्रों, युवाओं, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा की नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था, संविधान और युवाओं के भविष्य की है। वक्ताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक और सीबीएसई पेपर जांच में सामने आई अनियमितताओं ने लाखों मेहनतकश विद्यार्थियों के सपनों को तोड़ दिया है। कई छात्र आत्महत्या कर चुके दोषियों को बचाने और छात्रों को न्याय से वंचित रखने का प्रयास किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में मांग की गई कि पेपर लीक, परीक्षा घोटालों और मूल्यांकन संबंधी गंभीर अनियमितताओं की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। वक्ताओं ने कहा कि जब देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर लगातार प्रश्नचिह्न लग रहे हैं और लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। प्रदर्शन में यह मांग प्रमुखता से उठाई गई कि छात्रों पर जबरन थोपी जा रही नई शिक्षा नीति–2020 तथा राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली को तत्काल रद्द किया जाए। यह नीति शिक्षा में समान अवसर समाप्त कर निजीकरण, केंद्रीकरण और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देती है। नई परीक्षा व्यवस्था विकसित की जाए जो पारदर्शी, निष्पक्ष, वैज्ञानिक और सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने वाली हो।

## खबर संक्षेप



### भिलाई इस्पात संयंत्र में 40 प्रशिक्षुओं को मिला औद्योगिक प्रशिक्षण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास (एचआर-एल एंड डी) विभाग द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के तहत चयनित 40 प्रशिक्षुओं प्रशिक्षुओं को बीएसपी की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया, औद्योगिक सुरक्षा, कार्यस्थल अनुशासन तथा संगठनात्मक कार्य संस्कृति की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षुओं ने संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों का अवलोकन कर विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं व आधुनिक उत्पादन प्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।यह कार्यक्रम मेंमहाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव सुष्मिता पाटला, सेक्शन अधिकारी स्वतंत्र कुमार, मनीष कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### चावल के लिए भटक रहे एपीएल कार्डधारी बढ़ी परेशानी

**भिलाई।** राशन दुकानों (सोसायटियों) में एपीएल के हितग्राहियों को चावल लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। चावल नहीं होने के कारण कई लोग बैरंग लौट रहे हैं। इस मामले में खाद्य विभाग उदासीन बना हुआ है। पिछले तीन महीने से पटरीपार व टाउशिप की कई सहकारी राशन दुकानों में एपीएली कार्डधारियों को निराश होना पड़ रहा है। हितग्राहियों ने बताया कि अपने पास व आसपास की सोसाटियों में जाने पर संचालक द्वारा इस माह का चावल नही आने की बात कह बैरंग लौटाया जा रहा है। पिछले तीन महीने से यह सिलसिला चल रहा है। चावल नहीं मिलने की समस्या सेक्टर 6,7 रिसाली व सुपेला रामनगर व खुर्सीपार आदि में कई सोसायटियों में बनी हुई है। उपभोक्ता चावल नहीं उठा पा रहे हैं या फिर भटकते हुए दूर के अन्य वार्डों की राशन दुकानों से चावल ले रहे हैं। वहीं कई सोसायटियों केवाईसी के नाम पर भी लौटाया जा रहा है। दो माह पूर्व बीबीएल को तीन महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा था, तब भी एपीएल कार्डधारियों को बैरंग लौटना पड़ रहा था।

## मैदानों व खंडहर क्वार्टरों के परिसरों में कैटरिंग वालों का अतिक्रमण

# टाउनशिप में बढ़ रहे पेशेवरों के कब्जे कहीं तन गए टेंट हाउस तो कहीं गोदाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के आवासों को खाली कराने और जमीन को बेचने तथा इसके पुरजोर विरोध बीच कुछ साल पूर्व तक नीट एंड क्लीन माने जाने वाली बीएसपी टाउनशिप की तस्वीर अब तेजी से बदल रही है। विभिन्न सेक्टरों में जगह जगह पेशेवरों के कब्जे, भारी वाहनों की आवाजाही और चरमराती सफाई व्यवस्था के चलते रहवासियों को भारी परेशानी और बीएसपी को रेवेन्यू का नुकसान भी हो रहा है। इस मामले में नगर सेवाएं विभाग उदासीन बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने प्रबंधन से टाउनशिप की स्वच्छता व सुंदरता को बनाए रखने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि एक दशक पूर्व तक टाउनशिप अपनी स्वच्छता, खुले स्पेस और ग्रीनरी के लिए जाना जाता था। लेकिन इस दौरान हर क्षेत्र में बदइंतजामी अपने चरम पर है। विभिन्न सेक्टरों में खाली कराए गए और जर्जर आवासों के परिसरों में व्यवसायियों के बढ़ते कब्जे, हैवी व्हीकल्स की आवाजाही, धड़ल्ले से संचालित गैराज व गोदाम,जर्जर सड़कें, घूमते आवारा मवेशी और चौतरफा अस्वस्छता बढ़ रही है। इस ओर यूनियनों व राजनीतिक दलों के ध्यानाकर्षण, राहत और उजड़ते भिलाई को बचाने की मांग के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। अधिकतर सेक्टरों में ठेकेदारों,व्यवसायियों ने कब्जा कर अपने संबंधित सामानों आदि माल के गोदाम, भंडारण बना रखे हैं। इनमें सर्वाधिक सेक्टर 6,7, 4, 1 व रिसाली सेक्टर में टैंट हाउस, कैटरर वाले कब्जे कर अपने बांस, बल्ली, पंडाल, फर्नीचर, डेकोरेशन सामग्री व गाड़ियां आदि रख रहे हैं। इस तरह के माल भंडारण या गोदाम प्रवर्तन विभाग द्वारा खाली कराए गए व डिस्मेंटल किए गए खडहर आवासों व परिसर में बना लाखों रुपए पीट रहे हैं। इससे क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है और बीएसपी को रेवेन्यू का नुकसान हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि रिसाली सेक्टर व रुआबांधा में आक्सीजन व एलपीजी गैस सिलेंडर के गोदाम व गाड़ियों में लोडिंग अनलोडिंग से भी दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

## रिहायशी क्षेत्रों में सिलेंडरों की भी हो रही अनलोडिंग, सेक्टर 6 व 7 में बढ़े कब्जे





### भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ी दुर्घटनाएं

टाउनशिप के कुछ मार्गों व सड़कों पर प्रतिबंधित होने के बाद भी भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ रही है। हाईवा, बड़े डाला वाले ट्रक आदि मालवाहक गाड़ियां औद्योगिक क्षेत्र व बोरिया गेट से प्रमुख सड़कों पर आवाजाही के साथ सेक्टर 1, 6,4 5 आदि के रिहायशी इलाके में खड़ी की जा रही हैं। इससे रहवासियों को भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि भारी वाहनों के घर के सामने खड़े करने व आने जाने से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। वहीं बारिश में जर्जर सड़कों पर पानी भरने व आवारा मवेशियों के जमावड़े से भी आए दिन हादसे हो रहे हैं।

### महीनेभर से सेक्टर 1 मैदान में मीना बाजार का सामान

कई पेशेवर सीजनल व्यवसायियों ने भी टाउनशिप के मैदानों, सड़कों के किनारे खाली जमीन व भवनों को घेरकर माल रखकर चांदी काट रहे हैं। सेक्टर 1 सड़क 11 मैदान में पिछले महीनेभर से मीना बाजार का सामान रख दिया गया है। झूले, बांस बल्ली आदि सामान घरों के सामने मैदान में बिखरे होने से रहवासियों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मीना बाजार के वर्कर्स मैदान में ही खुले पेशाब शौच करने से लोगों को शर्मिंदगी हो रही है। कब्जा कर मीना बाजार का सामान रखे जाने पर पुलिस ध्यान दे रही है और न ही बीएसपी ही ।



## बीएसपी में तेजी से कम हो रहे कार्मिक विस्तार व उत्पादन लक्ष्य पर पड़ेगा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र में तेजी से कम हो रही कार्मिकों की तादाद के कारण सेल और बीएसपी सहित कर्मियों पर भी चौतरफा दबाव बढ़ रहा है। मेन पावर कम होने से सबसे अधिक प्रभाव बीएसपी के लंबित विस्तार परियोजना व उत्पादन लक्ष्य पर पड़ने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि.) के विस्तार के तहत उत्पादन लक्ष्य प्रस्तावित है। इसमें बीएसपी की बड़ी भूमिका होगी। वर्ष 2030 तक सेल का उत्पादन 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 30 मिलियन टन किया जाना है। इसके तहत बीएसपी का उत्पादन 6 मिलियन टन से 10 मिलियन टन किया जाना है। लेकिन यह तब संभव है जब बीएसपी की लंबित विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण परियोजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट) पूर्ण होगी। लेकिन पूर्ण होना तो दूर यह प्रोजेक्ट अब तक शुरु ही नहीं किया जा सका है। यूनियनों के मुताबिक वर्ष 2017 में विलंब से पूर्ण एक्सपांशन प्रोजेक्ट फेस -1 के बाद इसका दूसरा चरण प्रस्तावित है। इसके तहत आधा दर्जन मिल व शाप्स सहित ब्लास्ट फर्नेस का निर्माण होना है। लेकिन बीएसपी में तेजी से अधिकारियों व कर्मियों के रिटायर होने व लेटलतीफी से यह प्रोजेक्ट प्रभावित होगा। क्योंकि टेक्नोक्रेट, टेक्निशियनों और अनुभवी प्रबंधकों के रिटायर होने से परियोजना पर असर पड़ेगा। यदि समय पर प्रोजेक्ट पूर्ण नहीं हुआ तो कड़े प्रतिस्पर्धी दौर में सेल को घरेलू व विश्व बाजार में अपने उत्पादों की डिमांड पूर्ण करने में दिक्कत आएगी।

■ कर्मियों व मजदूरों पर बढ़ रहा वर्कलोड

### तेजी से कम हो रहे वर्कर्स

बीएसपी में पिछले कई साल से भर्ती बंद है वहीं दूसरी ओर कर्मचारी अधिकारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं। हर महीने करीबन डेढ़ सौ कार्मिक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जनरल रिटायरमेंट के अलावा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना भी लागू है और अनिवार्य सेवानिवृत्त योजना की तैयारी चल रही है। यूनियनों के मुताबिक वर्तमान में मात्र 12 हजार कर्मी अधिकारी कार्यरत हैं। मेन पावर कम होने से प्रोजेक्ट के पिछड़ने के साथ नियमित कर्मी व ठेका मजदूरों पर भी काम का दबाव बढ़ रहा है। ठेका मजदूरों का शोषण भी बढ़ रहा है। इंटक के महासचिव संजय साहू बताते हैं कि श्रमिकों पर काम का दबाव बढ़ने और मांग के बाद भी के बाद भी वेतन समझौता अब तक नहीं किया गया है। वहीं सेल कर्मियों का भी वेतन समझौता अब तक अपूर्ण है।

## रेम्प योजना के अंतर्गत ऋण लेकर व्यापार विस्तार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सीएसआईडी द्वारा मंगलवार को उद्यमियों एवं व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य रेम्प योजना के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं की जानकारी देकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को व्यापार विस्तार के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के दौर में व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेना आवश्यक है। रेम्प योजना उद्यमियों को अपने व्यवसाय का विस्तार करने, आधुनिक तकनीक अपनाने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यशाला में जिला उद्योग केंद्र से एसए खान ने रेम्प योजना, ऋण प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी। अतुल सिंह ने उद्यमियों को योजनाओं का प्रभावी उपयोग करने एवं व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने बताया कि भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित कर्मकार व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर 23 जुलाई से स्वावलंबन केंद्र चेम्बर कार्यालय बैकुंठ धाम में प्रारंभ होगा। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

## बंद स्ट्रीट लाइटें हुईं चालू, प्रमुख मार्गों पर बढ़ी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और नागरिकों के सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों के संधारण एवं मरम्मत कार्य में तेजी लाई है। आयुक्त सुरूचि सिंह के निर्देश पर विभिन्न प्रमुख मार्गों की खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारकर पुनः चालू किया गया है, जिससे रात्रिकालीन आवागमन अब अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है।

निगम द्वारा किए गए कार्यों के तहत मनसा आईटीआई से कुरूद स्थित राधारानी वाटिका तक स्ट्रीट लाइटों को सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग पर कुछ स्थानों पर हाई टेंशन पोल और रिक्त पोल होने के कारण जहां तकनीकी आवश्यकता होगी, वहां आगे भी आवश्यक कार्य किए जाएंगे। इसी प्रकार सीएम कॉलेज रोड, कुरूद



■ सुपेला फ्लाईओवर से रेलवे स्टेशन मार्ग तक सुधरी प्रकाश व्यवस्था

में नया टाइमर और मेन स्विच केबल स्थापित कर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को पुनः शुरू किया गया है। इससे क्षेत्र में रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध हो रही है। निगम ने शहर के कई अन्य प्रमुख मार्गों पर भी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का संधारण कर उन्हें चालू किया है। इनमें सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक, सुपेला फ्लाईओवर, नेहरू नगर से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन जाने वाला मार्ग, सुपेला थाना से सुपेला फ्लाईओवर, गदा चौक से अवंति बाई चौक तथा अवंति बाई चौक से इंदु आईटीआई नाला तक का मार्ग शामिल है।

नगर निगम के अनुसार शहरभर में स्ट्रीट लाइटों की नियमित निगरानी की जा रही है। जहां भी खराबी की सूचना प्राप्त हो रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। निगम का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, प्रकाशयुक्त और सुविधाजनक सड़कें उपलब्ध कराना है, ताकि रात के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

आयुक्त सुरूचि सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइटों का नियमित निरीक्षण करने और खराब लाइटों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए हैं। निगम का दावा है कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

## बीएसपी में लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन कार्यक्रम सुरक्षा को लेकर कर्मियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई), सेफ्टी सर्किल, फायर सेफ्टी तथा पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) से संबंधित पक्षों की जानकारी देने के लिए मानव संसाधन विकास केन्द्र में सेफ्टी सर्किल विषय पर एलजीआई का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर संभावित खतरों की पहचान, कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी, सुरक्षित कार्य व्यवहार को बढ़ावा देने तथा व्यावसायिक सुरक्षा में निरंतर सुधार के लिए सेफ्टी सर्किल की अवधारणा एवं उसके महत्व से अवगत कराया गया। महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस तथा इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग के विजेन्द्र सिंह ने प्रस्तुतियों व संवाद के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा उपायों को लेकर जागरुक किया। सहायक प्रबंधक सुमित कुमार ने सत्र का संचालन किया। इससे पूर्व गैर-कार्यपालकों के लिए फायर सेफ्टी विषय पर एलजीआई आयोजित किया गया, जिसमें 31 कर्मचारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस तथा फायर ऑफिसर श्री अभिषेक कुमार ने प्रतिभागियों को अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों की जानकारी दी। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन पर एलजीआई का आयोजन किया गया। ए नागेन्द्र ने सत्र का संचालन किया।

## निगम आयुक्त सुरुचि ने ली बैठक, बीएसपी प्रबंधन, सामाजिक संस्थाएं शामिल

# भिलाई शहर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक सहभागिता की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की आयुक्त सुश्री सुरूचि सिंह ने पर्यावरण संरक्षण एवं भिलाई शहर को अधिक हरा-भरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से संबंधित विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक ली। शहर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीएसपी प्रबंधन, सामाजिक संस्थाओं, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, जिला उद्योग केन्द्र सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और शहर के हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए सभी विभागों एवं सामाजिक संस्थाओं की



सहभागिता जरूरी है। उन्होंने वृक्षारोपण को केवल पौधे लगाने तक सीमित न रखते हुए पौधों के संरक्षण एवं उनके पेड़ बनने तक नियमित देखभाल पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त स्थलों के चयन, लगाए जाने वाले पौधों की ऊंचाई एवं प्रजाति, पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई की व्यवस्था तथा पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य संगठनों को अभियान से जोड़कर अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने तथा उनकी देखरेख सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### सामूहिक प्रयासों पर दिया जोर

आयुक्त ने शहर के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताते हुए सभी संस्थाओं से सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर शहर के साथ-साथ हरित शहर के रूप में विकसित करने के लिए निगम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और औद्योगिक क्षेत्र की सहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना को लेकर भी आवश्यक चर्चा की गई। जल संरक्षण के दिशा में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना के संबंध में चर्चा हुई। जल संरक्षण वर्तमान परिवेश में सबसे बड़ी आवश्यकता है । इसके लिए समस्त शहर वासियों को अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण या बोरवेल को रिचार्ज करना होगा, जिससे जलस्तर को बेहतर किया जा सके । इसके निर्माण हेतु मात्र 10000 से 15000 रुपए व्यय होना है। इससे आने वाले समय में पानी की दिक्कत नहीं होगी। योजना के प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने के संबंध में उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार, जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अभियंता अजीत तिग्गा, वेशराम सिन्हा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता श्वेता महेश्वर सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



समाज को संगठित करने स्व...

लाइव इवेंट

## भिलाई के युवा श्रद्धालु संतोष ने शिवनाथ का सिंधु से कराया संगम



**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के युवा श्रद्धालु संतोष ठाकुर ने सिंधु नदी के तट पर आयोजित प्रथम कुम्भ में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने अनूठी पहल करते हुए दुर्ग से शिवनाथ नदी का पवित्र जल पूरे विधि-विधान के साथ सिंधु नदी को समर्पित किया। मॉडल टाउन निवासी संतोष ठाकुर का कहना है कि मां सिन्धु के घाट पर प्रथम कुम्भ के आयोजन का हिस्सा होकर वह स्वयं को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। वहीं दुर्ग जिले से शिवनाथ नदी का जल सिन्धु नदी में अर्पित करने का अवसर पाकर ह्रदय से आनंदित हैं। संतोष ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार की पहल पर सिन्धु दर्शन यात्रा का यह 30वां वर्ष है। जिसमें लगातार हर वर्ष देश भर से श्रद्धालुओं का जत्था सिंधु दर्शन को पहुंचता है। इस वर्ष पहला अवसर था, जब सिन्धु नदी तट पर कुंभ का आयोजन किया गया था। लेह में सिंधु घाट पर पुरे विधि विधान से कलश यात्रा, सिन्धु पूजन तथा सिंधु स्नान कर, लेह लद्दाख में 22 जून से 27 जून तक सिन्धु दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमे पूरे भारतवर्ष से 2850 लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि मुख्यतः जम्मू एवं कुरुक्षेत्र मार्ग से यात्रा प्रारम्भ हुयी। जम्मू मार्ग से यात्रा 17 जून को प्रारंभ हुयी। यहां से श्रीनगर, कारगिल होते हुए लेह पहुंच कर प्रथम कुम्भ में शामिल हुए। उनके साथ भिलाई से दीपचंद साहू भी शामिल थे। संतोष ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत से पहले ही दुर्ग में शिवनाथ तट पर जाकर पूजा अर्चना की और शिवनाथ का पवित्र जल लुटिया में रख लिया था, जिसे वहां विधि-विधान के साथ सिंधु नदी को अर्पित किया।



सेक्टर-6 ए मार्केट में लक्ष्मी जी का रोष, सेक्टर-10 में तराना ग्रुप के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# जगन्नाथ-चकानैन... भक्ति-भजन और परंपरा से गूंजा गुंडिचा मंडप, झूमें श्रद्धालु, रथ तोड़ने की निभाई रस्म

भिलाई। रथयात्रा के दौरान ट्विन सिटी के जगन्नाथ मंदिरों में श्रद्धा का दोहरा उत्सव देखने को मिला। एक ओर सेक्टर-6 ए मार्केट के गुंडिचा मंडप में हेरा पंचमी की अनूठी परंपरा ने भक्तों को भावुक कर दिया, तो दूसरी ओर सेक्टर-10 के गुण्डिचा मंडप में भजनों की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जय जगन्नाथ के जयकारों से दोनों स्थान गूंजते रहे।

### वादे के इंतजार में आईं मां लक्ष्मी, रोष में टूटा रथ

सेक्टर-6 ए मार्केट स्थित गुंडिचा मंडप में हेरा पंचमी का पर्व विधि-विधान से मनाया गया। सुबह 5 बजे जगन्नाथ स्वामी का पूजा-पाठ हुआ और सुगंधित फूलों से श्रृंगार कर श्रद्धा वेश धारण करवाया गया। शाम 8 बजे माता लक्ष्मी का पालकी में गुंडिचा मंदिर आगमन हुआ।



### हेरा पंचमी का अर्थ

सेक्टर 6 समिति के सन्यास साहू ने बताया कि हेरा पंचमी का शाब्दिक अर्थ है देखना। रथयात्रा के पांचवें दिन देवी लक्ष्मी अपने पति जगन्नाथ से मिलने गुंडिचा मंदिर आती हैं। लोक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ ने मां लक्ष्मी से वादा किया था कि वो अगले दिन वापस लौटेंगे, लेकिन नहीं लौटे। इसी प्रतीक्षा और मान के कारण मां लक्ष्मी रथ पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर पहुंचती हैं। यहां पुजारियों ने मां की तरफ से जगन्नाथ की आरती की। महालक्ष्मी ने प्रभु से घर वापस चलने का अनुरोध किया। बदले में भगवान ने सहमति के रूप में माला दी। बाहर मां लक्ष्मी की पूजा कर दही का भोग लगाया गया। रात में जब मां वापस मंदिर लौटीं और प्रभु को वहां नहीं पाया तो क्रोधित होकर एक सेवकों से का रथ तुड़वाया। एक पेड़ के पीछे छिपकर उन्होंने यह लीला देखी। इसी परंपरा के तहत गुंडिचा मंडप में रथ के थोड़े हिस्से को तोड़ने की रस्म निभाई गई।



इस अनुष्ठान का हजारों श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। हेमंत विशाल की पोती सानवी विशाल ने मां लक्ष्मी का रोल निभाकर सबका मन मोह लिया। यहां रोज हांडी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

आयोजन में पं. तुषार महापात्र, अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, पर्व प्रभारी संजय साहू, शरद विशाल, नीलमणि नायक, सन्यास साहू, शशि भूषण महंती, प्रशांत सामल, हरि रावत, रवि साहू, रविंद्र मुनि, जितेंद्र भुइयां, राजीव भुइयां, सुभाष साहू, संतोष महाराणा, राजेंद्र पंडा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

### तराना ग्रुप के भजनों पर झूमे भक्त, गायिका सम्मानित

सेक्टर-10 में जगन्नाथ समिति, सेक्टर-4 के तत्वावधान में भव्य गुण्डिचा मंडप में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। रथयात्रा महोत्सव के तहत आयोजित संगीत संध्या में तराना ग्रुप के कलाकारों ने जगन्नाथ के भजन और भक्ति संगीत से समां बांध दिया। निकिता साहू ने जगन्नाथ स्वामी के उड़िया भजन गाकर खूब वाहवाही लूटी। उड़िया और हिंदी भजनों पर भक्त भावविभोर होकर झूमते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी और महासचिव सत्यवान नायक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी गायकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ओड़िया भजन की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए गायिका डॉ. निकिता साहू को विशेष पुरस्कार दिया गया। श्री नायक ने रथयात्रा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए भक्ति का महत्व बताया। इस उत्सव त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, बसंत प्रधान, बी.सी. बिस्वाल, वृंदावन स्वांई, कालू बेहेरा, सुशांत सतपथी, रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, राजू बेहेरा, कवि बिस्वाल, सीमांचल बेहेरा, वी.के. होता, कैलाश पात्रो, बी. केशन साहू, एस. दलाई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



लाइव इवेंट

## दक्षिण अफ्रीका से डबल गोल्ड जीतकर लौटे जयदीप, कैबिनेट मंत्री ने किया सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ का नाम फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन हुआ। दक्षिण अफ्रीका में डबल गोल्ड जीतकर लौटे पावरलिफ्टर जयदीप साहू का कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने सम्मान किया। 32 बंगला स्थित मंत्री निवास में मिठाई खिलाकर जयदीप साहू के साथ भारतीय टीम के कोच कृष्णा साहू और छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा का भी स्वागत-अभिनंदन किया गया।

### डबल गोल्ड से बढ़ाया मान

दक्षिण अफ्रीका में एशियन, पैसिफिक एवं अफ्रीका अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 4 से 12 जुलाई तक हुई थी। इसमें भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ के जयदीप साहू ने सीनियर वर्ग में इक्विप्ड और अनइक्विप्ड (क्लासिक) दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर डबल गोल्ड अपने नाम किया। इसके अलावा अमन शुक्ला ने जूनियर वर्ग में 1 स्वर्ण, 1 रजत और प्रियांक मिश्र ने 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जताते हुए राकेश पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहन और सहयोग मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री श्री पांडेय का स्नेह और उत्साहवर्धन हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणा है। जब टीम दक्षिण अफ्रीका जा रही थी तब भी उन्होंने हौसला बढ़ाया था। वापसी पर सम्मान देकर उन्होंने साबित किया कि जनप्रतिनिधियों का समर्थन खेल संस्कृति को मजबूत करता है। श्री बरमेचा ने कहा कि इस तरह का सम्मान प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और विश्वास देगा। कार्यक्रम में खिलाड़ियों के परिजन और संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## घर के सियान भगवान के समान होते है, सियान समिति की हुई आमसभा

भिलाई। छत्तीसगढ़ी सियान सेवा समिति रिसाली के अर्द्धवार्षिक आमसभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन नवनिर्मित सियान सामुदायिक भवन रिसाली कृष्णा टॉकिज रोड रिसाली में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को रिसाली महापौर शशि सिन्हा, रामसेवक वर्मा, धर्मेन्द्र भगत, दीपक, पप्पू चद्राकर, शैलेंद्र साहू ने संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। चन्दूलाल मरकाम अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी सियान सेवा समिति रिसाली ने अपने विचार रखें।

## सामाजिक विसंगतियों पर सुनाई रचनाएं तीजन बाई को भी दी काव्यात्मक श्रद्धांजलि

**भिलाई।** साहित्यकार डॉ. प्रेम कुमार पांडेय के विठ्ठल पुरम भिलाई-तीन में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन में कई राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त कवियों, गीत कारों और कलमकारों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि विजया भारती थी। अध्यक्षता दिव्या सक्सेना ने की। समारोह का संचालन कवि गजेंद्र द्विवेदी ने किया।

काव्य संध्या में पारुल पांडेय ने अपनी रचना शौक का पाठ किया। संजय मैथिल ने अपनी कविताओं मोबाइल भावनाओं से दूर और जमाने वाले के माध्यम से समाज की दुर्बलताओं पर करारी चोट की। युसूफ सागर ने बात पते की बोल गया हूँ और ये दुनिया पागलखाना है के जरिए पारिवारिक मूल्यों का चित्रण किया। रियाज़ खान गौहर ने अपनी रचना जिंदगी भर वो जलाते रहे से महफ़िल में समां बांध दिया। मनमोहन मतवाला ने अपनी पंक्तियों यूं तो जज्बात लिए चलता हूँ' से दर्शकों का दिल जीता और अपने गीत मन झूमता है के जरिए स्व. तीजन बाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे ओम पांडेय ने अपनी कविताओं रंगमंच और कोहरा के माध्यम से समाज की वर्तमान स्थिति पर प्रासंगिक प्रश्न खड़े किए। डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी ने बरसात के आलम का गुजर देख रहा हूं, हंसता हुआ मैं खुद पे नगर देख रहा हूं। जैसी बेहतरीन रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित किया। छगनलाल सोनी ने अपनी क्षणिकाओं मतदान लोकतंत्र की हार का महा उत्सव और हवा एक विचारधारा है से सभी का ध्यान आकर्षित किया। संतराम वर्मा ने मंच पर जगदीश चक्रधारी की रचना को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। संचालन कर रहे गजेंद्र द्विवेदी ने अपनी रचना दिन रात का क्या है गुजर ही जायेगा से श्रोताओं का मन मोह लिया। डॉ. आर.बी. कुशवाहा की रचना विश्व गुरु पर सदन में जमकर तालियां बजीं।



## महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का दुर्ग आगमन 26 को



**दुर्ग।** आध्यात्मिक आभा से दुर्ग-भिलाई की धरती फिर गुंजायमान होने वाली है। श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य ब्रह्मनिष्ठ अनंत विभूषित आनंद कृष्ण धाम, हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का आगमन 26 जुलाई शनिवार को दुर्ग में हो रहा है। गुरुदेव भक्त मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि पूज्य स्वामी सुबह 11 बजे सतीश दीपक अग्रवाल के निवास, गोपाला एच.आई.जी.-3, पद्मनाभपुर, दुर्ग पहुंचेंगे। यहां 11.30 बजे स्थानीय शिष्यों द्वारा गुरुदेव भगवान का विधिवत पूजन किया जाएगा।

गुरुदेव भक्त मंडल के लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि दुर्ग और भिलाई क्षेत्र में स्वामी के अनेक शिष्य निवास करते हैं। शिष्यों के आग्रह पर इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा महोत्सव राजनांदगांव में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी महोत्सव के के लिए गुरुदेव का दुर्ग आगमन हो रहा है। गुरु पूर्णिमा का मुख्य कार्यक्रम 29 जुलाई को अग्रसेन भवन राजनांदगांव में होगा। महोत्सव की तैयारी के लिए गुरुदेव भक्त मंडल की महत्वपूर्ण बैठक डॉ. कल्याण साहू के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में गुरुदेव के आगमन, आवास व्यवस्था, मंच सज्जा, गुरु पूजन और गुरु प्रसादी की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बाहर से आने वाले गुरु भाई-बहनों के लिए अग्रसेन भवन में आवास की उचित व्यवस्था की गई है। निर्णय लिया गया कि पूज्य गुरुदेव का आवास डॉ. कल्याण साहू के निवास, केशर नगर, राजनांदगांव में रहेगा।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में बालिकाओं को दी शैक्षणिक सामग्री

कार्नर न्यूज

## बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और उन्हें आगे बढ़ाने हर संभव अवसर उपलब्ध कराने दिया जोर

**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन ने बापू नगर, खुर्सीपार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं शैक्षणिक सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा समाज में बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक संदेश देना था। इस दौरान अभिभावकों को बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव अवसर उपलब्ध कराने की बातें कही।

इस दौरान विद्यालय में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को नोटबुक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। साथ ही उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने जीवन के लक्ष्यों को निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक कंचन महतो ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बालिकाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने तथा निरंतर अध्ययन के माध्यम से अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटी न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



### शिक्षा का अमूल्य धन जीवन भर व्यक्ति के साथ...

फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप पिल्लई ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही स्त्री का सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि धन-संपत्ति समय के साथ समाप्त हो सकती है, लेकिन शिक्षा ऐसा अमूल्य धन है जो जीवन भर व्यक्ति के साथ रहता है और उसे आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी तथा सम्मानजनक जीवन जीने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि फाउंडेशन शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में फाउंडेशन की ओर से सुभागा सुरेश, मृदुल शुक्ला, सोनम सागर, प्रकाश देशमुख एवं अजीत सिंह उपस्थित रहे और सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भारती यादव एवं गीता निषाद, सहायिकाएं गीता सिंह, संतोषी सिंह, प्रभा कुशवाहा, एस. सावित्री एवं सविता पाल तथा मितानिन रत्ना एवं पद्मा की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने बालिकाओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया ।



## सिटी इवेंट

### सावन मेले की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार दिखेगी पारंपरिक खेलों की झलक



दुर्ग। सांस्कृतिक पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी भव्य सावन मेला की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मेले को अधिक भव्य, आकर्षक एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। समिति ने निर्णय लिया कि सावन मेले के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की तिथि, आयोजन स्थल, प्रतिभागियों के पंजीयन एवं व्यवस्थाओं को लेकर शीघ्र ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं में फुगड़ी, कुर्सी दौड़, रस्साकशी, कंची दौड़, मटका फोड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति बनी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अरसा, ठेठरी-खुर्मी, फरा, चीला जैसे पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी मॉडलिंग, गायन प्रतियोगिता तथा रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी हर्षिका जैन, पार्षद विद्यावती सिंह, मनीष कोठारी, युवराज कुंजाम, लोकेश्वरी ठाकुर, शरद निर्मलकर, रामचंद सेन, लिपिक लता यादव, विकल निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।

- लोक व्यंजन, मॉडलिंग, गायन और पारंपरिक खेल होंगे आकर्षण का केंद्र

## समाज लाइव

### केंवट समाज के शपथ ग्रहण में पदाधिकारियों ने लिया संकल्प



भिलाई। राम-जानकी मंदिर परिसर, निषाद भवन, महादेव घाट में छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाजहित में कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर दुर्ग जिला निषाद केंवट समाज संगठन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष का गजमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई। शपथ में सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि सभी समाज की एकता को मजबूत करेंगे संगठन को और सशक्त बनाएंगे। सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। समाजहित को सर्वोपरि रखेंगे। कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद, महासचिव मनोहर निषाद, झुमुक लाल निषाद, उपाध्यक्ष बुधारु राम निषाद, बीरेंद्र कुमार निषाद, प्रदेश अध्यक्ष संतोषी निषाद, रामेश्वर निषाद, राजकुमार निषाद, दीप केवट, किशोर नाविक, अजीत नाविक, धनवंतरी निषाद, क्षमा जलतारे, संतोष जलतारे, डीकेश्वर निषाद, सियाराम निषाद, दिनेश सपे, विष्णु निषाद, डेराहा राम निषाद, लखन निषाद, मल्लेश निषाद, सगनू निषाद, नारायण निषाद, केजू निषाद, राम रतन विनायक, ब्रह्मानंद नाविक, नरोत्तम निषाद, सरपंच माधुरी निषाद सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाकर समाज के विकास के लिए काम किया जाएगा।



### स्व. राही के नेत्रों से मिलेगी दो नेत्रहीनों को रौशनी



दुर्ग। ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग निवासी स्वर्गीय राही देवी राजपूत के निधन के पश्चात उनके परिवार ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। इस कार्य के माध्यम से दो नेत्रहीनों को नई रोशनी और नया जीवन मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ । माताजी के निधन के उपरांत उनके पुत्र हेमंत राजपूत, आकाश राजपूत एवं सूरज राजपूत ने नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान की। नवदृष्टि फाउंडेशन के समन्वय से नेत्रदान की संपूर्ण प्रक्रिया संपन्न हुई। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की टीम के डॉ. श्रीया पंजवानी, डॉ. राहुल एवं नेत्रदान प्रभारी विवेक कसार द्वारा कॉर्निया का सफलतापूर्वक संकलन किया गया। स्वर्गीय राही देवी राजपूत के पुत्र सूरज राजपूत ने कहा कि आज माँ के जाने के बाद पूरा परिवार गहरे शोक में है, लेकिन यह संतोष है कि माँ की आँखों से अब दो लोग दुनिया देख सकेंगे। यही सोच हमारे परिवार को इस कठिन समय में आत्मिक शांति प्रदान कर रही है।

---

**साहू मित्र सभा भिलाई नगर के तत्वाधान में युवा महोत्सव का भी आयोजन**

# समाज को संगठित करने स्व. मनराखन के अविस्मरणीय कार्यों को किया याद, स्मारिका का भी किया विमोचन

भिलाई। साहू मित्र सभा भिलाई नगर के तत्वाधान में समाज रत्न स्व. डॉ. मनराखन लाल साहू स्मृति समारोह एवं युवा महोत्सव का आयोजन संस्कृत सदन सुपेला में किया गया। इस अवसर पर उनके सामाजिक योगदान को नमन किया गया। उन पर केंद्रित स्मारिका भी विमोचित हुआ। प्रथम सत्र में डॉ.मनराखन लाल साहू जयंती स्मृति समारोह का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि रजनी बघेल थीं। सांसद निधि द्वारा निर्मित स्व.डॉ.मनराखन लाल साहू सभागार का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष खेदराम साहू ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि स्व.डॉ मनराखन लाल साहू ने समाज को संगठित करने का जो कार्य किया है वह अविस्मरणीय है। आज साहू समाज उनके द्वारा दिखाये गए मार्ग में चलकर अग्रणी समाज को परिभाषित करता है। हम उनके योगदान को नमन करते हैं।

### कम साधन में किए गए परिश्रम का किया उल्लेख

मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने कहा कि जो समाज अपने पुरोधा की स्मृति करता है और उनके बताए हुए रास्ते पर चलता है वह समाज उन्नति करता है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने स्व. डॉ साहू के योगदान को याद किया और आज से 50 वर्ष पूर्व उनके द्वारा कम साधन में किए गए परिश्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले समाज के लोग समाज को देने के लिए कार्य करते थे लेकिन आज की स्थिति यह है कि लोग समाज से हमें क्या प्राप्त होगा यह सोचते हैं। पहले और आज की स्थिति में यह अंतर आ गया है। स्व डॉ. साहू ने भवन निर्माण का कार्य भी हाथ लिया था। उनका विचार था इतने बड़े साहू समाज का स्वयं का भवन भी होना चाहिए। इस दिशा में वे सफल भी हुए। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि केवल सुनने भर से काम नहीं होगा उनके आदर्शों को अपने जीवन में हमें उतरना चाहिए।







### भक्त माता कर्मा का प्रथम तैलचित्र का करवाया निर्माण

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.नीरेन्द्र साहू अध्यक्ष छ. ग. प्रदेश साहू संघ ने कहा कि स्व.डॉ.मनराखन लाल साहू ने भक्त माता कर्मा के इतिहास को खोजकर समाज के पटल में रखा और उनके द्वारा भक्त माता कर्मा का प्रथम तैलचित्र का निर्माण करवाया गया। उनके ही प्रेरणा से स्व. बेदूराम राम साहू द्वारा आरती रची गई जिसका पूरा साहू समाज आज श्रद्धापूर्वक गायन करता है। वक्ता राधेश्याम साहू ने स्व. साहू के साथ मिलकर किए गए कार्यों एवं उनकी कार्यशैली का जिक्र किया। खिलावन साहू पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष छ. ग.प्रदेश ने कहा कि स्व. डॉ. मनराखन लाल साहू की जयंती प्रदेश स्तर पर मनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम को जागेश्वर साहू, दीपक ताराचंद साहू,चंद्रभूषण साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रामशीला साहू पूर्व मंत्री, जितेंद्र साहू अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड, डॉ सुनील साहू संगठन सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, नारद साहू, डॉ. कामता साहू, रमेश साहू, हरिद्वारिका साहू, श्याम लाल साहू,नथेलाराम साहू, सीताराम उपस्थित थे।

### स्मारिका का किया विमोचन

प्रथम सत्र में सुभाष वर्मा फोटोग्राफर, स्व.हरिनाथ सिन्हा कलार्थी चित्रकार के परिवार का सम्मान किया गया। स्व.डॉक्टर मनराखन लाल साहू के जीवन पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कोहका एवं कैंप एक की बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रथम सत्र का संचालन परसराम साहू एवं डॉ. भारती साहू ने किया।

### पंडवानी गायन की प्रस्तुत

द्वितीय सत्र में साहू मित्र सभा के युवा प्रकोष्ठ द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस सत्र में शशिकांत साहू, गिरवर बंटी साहू, दिनेश साहू, तिलेश्वर साहू, यशवंत साहू, गायक नरेंद्र हिरवानी अतिथि थे। तरुणा साहू ने पंडवानी गायन प्रस्तुत किया। इकाई द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस सत्र में पूर्व युवा प्रकोष्ठ के संयोजकों का सम्मान किया गया। द्वितीय सत्र का संचालन और आशुतोष साहू ने किया। कार्यक्रम में रंजना साहू, उन्मेष साहू, भरत राम साहू, हीरा शंकर साहू, दीपेश्वरी साहू, गजेंद्र गंजीर, अरुण कुमार साहू,अजीत साहू, हेमा साहू, धनसाय साहू के साथ-साथ साहू मित्र सभा के समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक, इकाई अध्यक्ष एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

**शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने बांटे गणवेश**

## डिजिटल शिक्षा से भविष्य के लिए तैयार होंगे बच्चे, प्रवेशोत्सव में दिखा उत्साह



दुर्ग। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत उत्सव के रंग में हुई। प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के बोरसीभांठा, पोटिया-झुग्गीपारा एवं पद्मनाभपुर स्थित शासकीय विद्यालयों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में शिरकत की। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गणवेश और स्मार्ट क्लास की सौगात मिली। मंत्री गजेंद्र ने बच्चों को गणवेश और जूते वितरित किए। साथ ही तीनों स्कूलों में स्थापित स्मार्ट क्लास का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से खुलकर संवाद किया। श्री यादव ने कहा कि नया शिक्षा सत्र बच्चों के जीवन में नए सपनों, नई ऊर्जा और नए अवसरों का प्रारंभ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और संस्कारयुक्त शिक्षा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में बेहतर अधोसंरचना, स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा और आधुनिक संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा।

स्मार्ट क्लास के महत्व पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि तकनीक आधारित शिक्षण से विषयों को समझना आसान होगा। बच्चे भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे। आप सभी नियमित अध्ययन, अनुशासन और सीखने की आदत जरूर विकसित करें। श्री यादव कक्षाओं में भी पहुंचे। वहां बच्चों के बीच बैठकर पढ़ाई, पसंदीदा विषयों और भविष्य के सपनों पर आत्मीय चर्चा की। बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित स्कूल आने का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। पालकों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और कहा कि स्मार्ट क्लास से बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता आएगी। प्रवेशोत्सव में ढोल-नगाड़ों और स्वागत गीतों के साथ बच्चों का भव्य स्वागत किया गया।

---

**पंडवानी विधा का संरक्षण**

## डॉ. तीजन को श्रद्धांजलि देने जनजाति शोधार्थी राम ने शब्द सुमन में संजोई स्मृति



**भिलाई।** भिलाई-चरोदा के गनियारी वार्ड की मूल निवासी और पाटन विकासखंड के पारधी जनजाति परिवार में जन्मी पद्म विभूषित डॉ. तीजन बाई के निधन से छत्तीसगढ़ सहित पूरे विश्व की पंडवानी लोक गाथा विधा को अपूरणीय क्षति पहुंची है। डॉ. तीजन बाई ने अपने संघर्षपूर्ण पारिवारिक और सामाजिक जीवन से ऊपर उठकर केवल पंडवानी की कापालिक शैली को जनमानस तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनजाति शोधार्थी, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक और लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा, भिलाई-3 ने इन सभी समाचारों, लेखों और श्रद्धांजलि संदेशों का वृहद संकलन शब्द सुमन के रूप में तैयार किया है। इस संकलन में सौ से अधिक पृष्ठों में डॉ. तीजन बाई के जीवन, उनकी कला साधना और निधन के बाद मिले श्रद्धांजलि संदेशों को क्रमबद्ध रूप से रखा गया है। राम कुमार वर्मा ने अब तक पंडवानी लोक विधा पर तीन एल्बम भी संग्रहित किए हैं। इनमें पंडवानी पुरोधा स्व. झाड़ूराम देवांगन, पंडवानी के प्रकाश स्तंभ पद्मश्री स्व. तीजन बाई और पंडवानी की नई प्रभा ऋतु वर्मा से संबंधित आलेख शामिल हैं। उनका मानना है कि यह सामग्री भविष्य के शोधार्थियों, पाठकों, कला शिक्षकों, विद्यार्थियों और लोक कलाकारों के लिए अध्ययन की दृष्टि से बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। शब्द सुमन में प्रदेश सहित देश के विशिष्ट कला साधकों, साहित्यकारों और विशिष्टजनों के श्रद्धांजलि शब्द भी दर्ज हैं, जो आगे चलकर संदर्भ ग्रंथ के रूप में काम आएंगे। इस कार्य में उनके परिजन वीणा वर्मा, वंदना वर्मा, ऐश्वर्य कुमार वर्मा, राजेश कुमार बंछोर का विशेष सहयोग रहा। संकलन का अवलोकन कर पारधी जनजाति महासभा के प्रदेशाध्यक्ष चैतराम मालिया, युवा अध्यक्ष शिवराज पारधी, जिला अध्यक्ष कमलेश पारधी और सुरेश पारधी सहित डॉ. तीजन बाई के परिजनों ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया है। राम कुमार वर्मा ने कहा कि यह संकलन कार्य आगे भी जारी रहेगा।

---

**यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, प्रकृति और मानव के बीच संतुलन स्थापित करना है**

## पर्जन्य सूक्त के मंत्रों से गूंजा यज्ञशाला परिसर, आर्य समाज ने वैदिक विधि से की वृष्टिकामना महायज्ञ

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** समय पर वर्षा, पर्यावरण संतुलन, कृषि समृद्धि एवं विश्वकल्याण की मंगलकामना के साथ आर्य समाज में वैदिक परंपरा के अनुसार वृष्टिकामना महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अनुष्ठान में प्रतिदिन पर्जन्य सूक्त सहित विभिन्न वैदिक मंत्रों का सामूहिक पाठ एवं यज्ञ संपन्न हो रहा है। वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य और अंकित शर्मा शास्त्री के सान्निध्य में श्रद्धालु प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समय पर वर्षा, पर्यावरण शुद्धि एवं लोकमंगल की प्रार्थना कर रहे हैं। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को हुई। इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वैदिक ज्ञान-विज्ञान का विवेचन करते हुए स्पष्ट किया है कि यज्ञ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि मानव, प्रकृति और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक माध्यम है। वेदों में वर्णित पर्जन्य सूक्त वर्षा, अन्न, वनस्पति और समस्त प्राणियों के कल्याण की मंगलकामना का अद्भुत संदेश देता है।



### वर्षा से अन्न और उससे समस्त प्राणियों का जीवन

वैदिक ऋषियों ने यज्ञ के माध्यम से वायु, जल एवं पर्यावरण की शुद्धि तथा प्रकृति के संरक्षण का मार्ग बताया है। भगवद्गीता में भी यज्ञ और वर्षा के संबंध का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यज्ञ से वर्षा, वर्षा से अन्न और अन्न से समस्त प्राणियों का जीवन संचालित होता है। इस वैदिक दृष्टिकोण का तात्पर्य यह है कि जब मनुष्य प्रकृति के अनुकूल आचरण करता है, पर्यावरण का संरक्षण करता है और यज्ञ जैसे लोक कल्याणकारी कार्य करता है, तब प्रकृति का संतुलन बना रहता है। इसलिए यज्ञ को केवल धार्मिक अनुष्ठान के रूप में नहीं, बल्कि जीवन और पर्यावरण संरक्षण के व्यापक अभियान के रूप में समझने की आवश्यकता है।

### बढ़ जाती है, वैदिक यज्ञ की प्रासंगिकता

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने कहीं भी यह नहीं लिखा कि केवल यज्ञ करने मात्र से वर्षा निश्चित रूप से होगी। उनका स्पष्ट मत था कि वर्षा अनेक प्राकृतिक कारणों पर आधारित है, किंतु यज्ञ पर्यावरण को शुद्ध करने, वायु को स्वास्थ्यवर्धक बनाने तथा प्रकृति के संतुलन में सहयोग देने वाला एक महत्वपूर्ण साधन है। यही कारण है कि आज जब जलवायु परिवर्तन, जल संकट और पर्यावरण प्रदूषण जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं, तब वैदिक यज्ञ की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि वृष्टिकामना महायज्ञ में शुद्ध गौघृत, करीर (करील), पलाश, पीपल, गूलर, आम, खदिर (खैर) की समिधाओं के साथ जौ, काले तिल, अक्षत, गुड़, गुग्गुल, लोबान, चंदन, नागरमोथा, जटामांसी, वचा, ब्राह्मी, अश्वगंधा, गिलोय, दूर्वा, बेलपत्र एवं तुलसी जैसी अनेक औषधीय एवं सुगंधित सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है। इन सभी द्रव्यों का चयन उनके प्राकृतिक गुणों एवं वैदिक परंपरा के अनुसार किया जाता है।

### प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का जीवन-दर्शन

आचार्य अंकित शर्मा शास्त्री ने कहा कि यज्ञ सदैव खुले एवं स्वच्छ स्थान पर किया जाना चाहिए। आहुतियां अल्प मात्रा में दी जानी चाहिए तथा ऐसी सामग्री का प्रयोग नहीं करना चाहिए जिससे अनावश्यक धुआं उत्पन्न हो। प्रत्येक यज्ञ के साथ वृक्षारोपण, वर्षाजल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लेना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि वैदिक संस्कृति में यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का जीवन-दर्शन है। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग एवं मंत्री प्रवीण गुप्ता तथा मनोज ठाकरे उपस्थित थे।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'द बैटमैन पार्ट 2' से पैटिनसन का फर्स्ट लुक आया सामने, रिलीज डेट का भी हुआ ऐलान



डायरेक्टर मैट रीव्स ने 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक शेयर किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। जानिए कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म। 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है।

वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं। आखिर में वह सीधे आगे देखते हैं और फिर फिल्म का लोगो और नई रिलीज डेट सामने आती है। इससे पहले इस फिल्म को 1 अक्टूबर 2027 को रिलीज किया जाना था।

रॉबर्ट पैटिनसन ने हाल ही में 'द बैटमैन पार्ट 2' के बारे में बात करते हुए इसके स्क्रिप्ट की जमकर तारीफ की। 'द ड्रामा' के प्रीमियर के दौरान उन्होंने कहा, 'इस फिल्म की स्क्रिप्ट शानदार है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही खास और अलग तरह की फिल्म होगी।'

उन्होंने यह भी बताया कि यह फिल्म 2022 में आई 'द बैटमैन' से काफी अलग दिशा में जाएगी। उन्होंने कहा, 'यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म कैसी बनती है। इसमें कुछ बड़े और नए एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं।'

वहीं, ओसवाल्ड 'ओज' कॉब का किरदार निभाने वाले कॉलिन फैरेल ने भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्क्रिप्ट को लेकर मैट से काफी बात की है।

## टॉलीवुड

### राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर ममूटी ने बेटे दुलकर से पूछा सवाल



दुलकर सलमान ने अपने पिता ममूटी को राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। इस पर उनके पिता ने उनसे सवाल पूछा है। मलयालम सिनेमा के दिग्गज कलाकार ममूटी को फिल्म 'ब्रमायुगम' में उनकी शानदार अदाकारी के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। इस सम्मान के साथ ममूटी ने अपना चौथा राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। इससे भारतीय सिनेमा में उनका कद और बड़ा हो गया है। विजेता के तौर पर उनका नाम घोषित होने पर उनके बेटे और अभिनेता दुलकर सलमान ने उन्हें बधाई दी। इस पर ममूटी ने उनसे एक सवाल पूछा है। दुलकर सलमान ने अपने पिता ममूटी को पुरस्कार दिए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर उनकी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा 'एक और पुरस्कार? वाह पापा! यह आपका चौथा पुरस्कार है।!' इसके बाद उन्होंने मजाक में दोनों के बीच की बातचीत की कल्पना की और लिखा कि उनके पिता ने उनसे पूछा 'तुमने कितने पुरस्कार जीते? खैर कोई बात नहीं। कोई दबाव भी नहीं। तुम बस अपना काम करते रहो।' इस बीच मलयालम के सुपरस्टार मोहनलाल ने भी ममूटी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं दिग्गज कलाकार कमल हासन ने भी ममूटी को पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।

आपको बता दें कि राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'ब्रमायुगम' एक लोक-कथा वाली हॉरर फिल्म है। यह फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई है। इसमें ममूटी ने कोडुमोन पोटी का किरदार निभाया है। वह एक रहस्यमयी सामंती मालिक हैं, जिनकी डरावनी हवेली एक रोमांचक मनोवैज्ञानिक लड़ाई का केंद्र बनती है। खतरनाक पोटी के तौर पर ममूटी की अदाकारी की तारीफ हुई है।

## भोजपुरी

### धनाश्री ने अक्षरा संग किया गजब डांस, लोग बोले- दोनों तबाही



युजवेंद्र चहल की एक्स वाइफ धनाश्री वर्मा और भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह के डांस ने सोशल मीडिया पर गदर काट रखी है। दोनों को इस तरह साथ डांस करते देख लोगों ने कहा है- तबाही परफॉर्मेंस, एक यूजर ने लिखा- फायर हैं ये दोनों। डांस कोरियोग्राफर धनाश्री वर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं। हालांकि इस बार वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर नहीं, बल्कि उनके नया डांस वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। भोजपुरी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के साथ उन्होंने सुपरहिट गाने 'छम्मा-छम्मा' पर शानदार डांस किया है। दोनों की एनर्जी, एक्सप्रेशन और बेहतरीन तालमेल ने सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत लिया है। यही वजह है कि यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। अक्षरा सिंह इन दिनों अपने करियर में लगातार आगे बढ़ रही हैं। हाल ही में 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षरा अक्षय कुमार के साथ डांस करती नजर आईं। इसी बीच धनाश्री वर्मा के साथ उनका यह डांस वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एक जैसे आउटफिट में दिखाई दे रही हैं। उनके स्टेप्स और शानदार परफॉर्मेंस ने वीडियो को और भी खास बना दिया है। वीडियो शेयर करते हुए धनाश्री वर्मा ने लिखा कि कुछ गाने ऐसे होते हैं, जिनकी पॉप्युलैरिटी कभी कम नहीं होती और वक्त के साथ उनकी यादें और भी खास बन जाती हैं। उन्होंने इस पोस्ट में उर्मिला मातोंडकर को टैग करते हुए उनके आइकॉनिक डांस की तारीफ भी की।

## भारतीय प्रिंट का जलवा

लाइफ स्टाइल

भारत बेहतरीन टेक्सटाइल और हैंडलूम विरासत वाला देश है। जयपुर के ब्लॉक प्रिंट बारीकी और परंपरा की पहचान हैं। हर प्रिंट का अपना खास महत्व होता है। इनमें आम तौर पर इंसानी आकृतियाँ, मोर, ऊँट और गाँव के दृश्य जैसे डिज़ाइन होते हैं। इस तकनीक की क्रिएटिविटी ही है जो सभी महिलाओं को अपनी ओर खींचती है।



# बालों की हर परेशानी होगी खत्म होगी इन दो मास्क से

लगातार बढ़त प्रदूषण आर खराब खान-पान का साधा असर लागा क बालों पर दिखने लगा है। इनकी वजह से हर दूसरा व्यक्ति बालों के रूखेपन, तेज हेयर फॉल, डैंड्रफ और दोमुंहे बालों से परेशान रहने लगा है। आज के समय में तो ये सब आजकल आम समस्याएं बन चुकी हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट आपको फायदा पहुंचाएंगे, लेकिन केमिकल से भरपूर प्रोडक्ट्स से ज़्यादा असर नहीं होता, उल्टा नुकसान हो सकता है। ऐसे में अगर आप घरेलू प्राकृतिक हेयर पैक ट्राई करना चाहते हैं तो ये लेख आपके लिए सबसे सही है। दरअसल, इन दो हेयर मास्क से बालों की कई दिक्कतें चुटकियों में दूर हो सकती हैं।



### पहला हेयर मास्क

पहले हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच दही, 1 चम्मच मेथी पाउडर या रातभर भीगी हुई मेथी और 1 चम्मच नींबू का रस चाहिए होगा।

### हेयर मास्क बनाने का तरीका

अब अगर ये तैयार करना चाहते हैं तो सबसे पहले तो सभी सामग्री को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने बालों के सिरों से लेकर स्कैल्प पर अप्लाई करें। अब इसे कम से कम एक घंटे तक लगा रहने दें। 30–40 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे आपके बालों को अवश्य ही फायदा होगा। डैंड्रफ कम करता है बालों का झड़ना रोकता है स्कैल्प को ठंडक मिलती है

### दूसरा हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच एलोवेरा जेल, 1 चम्मच आंवला पाउडर और 1 चम्मच नारियल तेल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो सभी सामग्री मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इब इस पेस्ट को अपने बालों की जड़ों में अच्छी तरह लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इसे आप कम से कम एक घंटे तक ऐसे ही रख सकते हैं। एक घंटे के बाद जब आप अपने बालों को धोएंगे तो इसका असर देखने को मिलेगा। मिलेंगे ये फायदे बालों की ग्रोथ तेज होती है बालों में नैचुरल चमक आती है झड़ने से रोकता है और मोटा बनाता है।

# ब्लू स्किन केयर ट्रेंड को आजमा कर देखिए



समय के साथ-साथ स्किन केयर के नये-नये ट्रेंड बाजार में आते रहते हैं। आज-कल ब्लू स्किन केयर ट्रेंड में है, जिसके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। आजकल ब्यूटी और स्किन केयर इंडस्ट्री में एक नया और तेजी से पॉपुलर हो रहा ट्रेंड है, जिसका नाम है ब्लू स्किन केयर। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े हैशटैग्स ट्रेंड कर रहे हैं। ऐसे में हर किसी के जहन में ये सवाल आना बेहद स्वाभाविक है कि आखिर क्या है ये ब्लू स्किनकेयर? और क्यों इसे स्किनकेयर की दुनिया का अगला बड़ा ट्रेंड माना जा रहा है? यहां इस लेख में हम आपको इसी बारे में जानकारी देंगे। इस स्किन केयर को फॉलो करके आप भी गर्मी और बारिश के मौसम में दमकती त्वचा पा सकते हैं।





### क्या होता है ब्लू स्किन केयर ?

सबसे पहले जान लेते हैं कि आखिर ब्लू स्किन केयर होता क्या है ? तो पहले जान लें कि ब्लू स्किन केयर में ब्लू टेंशन रिलीविंग, कूलिंग या हीलिंग तत्व पाए जाते हैं। इनका रंग सामान्य तौर पर हल्का नीला या फिर पारदर्शी नीला होता है। ये गर्मी और बारिश के मौसम में सबसे काम आता है, क्योंकि ये स्किन को हाइड्रेट रखने का काम करता है।

### ब्लू स्किन केयर में पाए जाने वाले तत्व

इस स्किन केयर में जो भी प्रोडक्ट्स पाए जाते हैं, उनमें मुख्यतः समुद्री तत्व पाए जाते हैं। इन तत्वों में ब्लू टैंसी ऑयल, ब्लू एज़ुलीन, सी वीड, नीलोत्पल और ब्लू कैमोमाइल शामिल हैं।

### ब्लू स्किनकेयर किसके लिए है?


जिन लोगों की त्वचा सेंसिटिव, डिहाइड्रेटेड या इनफ्लेम्ड है, उनके लिए ये स्किन केयर कम आएगा। इसके अलावा जो लोग प्राकृतिक और कूलिंग इफेक्ट वाले स्किन प्रोडक्ट्स की तलाश में हैं। साथ-साथ जिनकी स्किन प्रदूषण और हीट से परेशान रहती है।

# डार्क सर्कल्स कम करने के लिए घर पर बनाएं क्रीम

क्या सही नींद लेने और आराम करने के बाद भी आपके डार्क सर्कल्स बने हुए हैं? क्या डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे का नूर जा चुका है? आपको घर पर बनी ऐसी क्रीम का नुस्खा जानना चाहिए, जिससे आपको जल्द ही फर्क दिखेगा। अब हर बार महंगे अंडर-आई क्रीम्स खरीदना भी पॉकेट पर भारी पड़ सकता है और उनमें मौजूद केमिकल्स कभी-कभी स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में जरूरत है एक ऐसे प्राकृतिक और असरदार उपाय की जो आपकी आंखों को राहत भी दे और त्वचा को पोषण भी। इस लेख में हम बताएंगे कैसे आप अपने घर में ही कुछ साधारण और नेचुरल चीजों से एक बेहतरीन होममेड अंडर-आई क्रीम बना सकती हैं, जो कुछ ही दिनों में डार्क सर्कल्स को कम कर त्वचा को निखार और तरोताजगी देगी। आइए आप भी जान लीजिए घर पर आई-क्रीम बनाने का तरीका क्या है?

### डार्क सर्कल्स के पीछे की वजहें

डार्क सर्कल्स केवल थकान की निशानी नहीं हैं। इनके पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे



नींद की कमी या खराब नींद,आंखों को बार-बार रगड़ना,एलर्जी या आंखों में जलन,आनुवंशिक कारण,धूप के संपर्क में आकर पिग्मेंटेशन बढ़ना और खानपान में पोषक तत्वों की कमी शामिल है।

### घर पर बनाएं अंडर-आई क्रीम

इस होममेड क्रीम को बनाने में कुछ खास सामग्री की जरूरत होगी, जो आपको आसानी से आपकी रसोई या किराना स्टोर में मिल जाएंगी।

# ऑफिस के लिए हर तरह के आउटफिट के साथ खास इयररिंग

अगर आप ऑफिस में एक जैसे इयररिंग पहनकर जाती हैं और अब कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो आपको कुछ ऐसे पर्ल इयररिंग्स डिजाइन के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें ट्राई कर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।

### पर्ल गोल्ड डेंगल इयररिंग

अगर आप ऑफिस में एक जैसे इयररिंग पहनकर जाती हैं और अब कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो आप किसी भी आउटफिट के साथ इस खूबसूरत पर्ल गोल्ड डेंगल इयररिंग को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग आपको गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगे। आप इन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### रूबी गोल्ड पर्ल डेंगल इयररिंग

अगर आप अपने ऑफिस में किसी भी तरह के आउटफिट को पहनकर जाने वाली है, तो अपने लुक को क्लासी टच देने के लिए आप इस खूबसूरत रूबी गोल्ड पर्ल डेंगल इयररिंग को ट्राई कर सकती है। इस तरह के इयररिंग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं। इन्हें पहनकर आप अपने लुक को भीड़ से हटकर बना सकती हैं।



### गोल्ड पर्ल हूप इयररिंग्स

यही नहीं आप चाहे तो इस खूबसूरत गोल्ड पर्ल हूप इयररिंग्स को भी ट्राई कर सकती है। इस तरह की इयररिंग आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेंगे। आप इन्हें किसी भी आउटफिट के साथ शामिल कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। आपको ऐसे पर्ल हूप इयररिंग डिजाइन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

अपने लुक को गॉर्जियस बनाने अपनाएं इन आउटफिट को

# प्लस-साइज लड़कियों के लिए बेस्ट आउटफिट आइडियाज, काले रंग में दिखें स्लिम और स्टाइलिश

आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लैक कलर के आउटफिट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप स्लिम दिख सकती हैं साथ ही अपने लुक को गॉर्जियस भी बना सकती हैं। अधिकतर महिलाएं अपने बढ़ते शरीर की वजह से अपने पसंदीदा आउटफिट नहीं पहन पाती है और इससे वह हमेशा उदास रहती हैं, लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लैक कलर के आउटफिट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप स्लिम दिख सकती हैं साथ ही अपने लुक को गॉर्जियस भी बना सकती हैं।

### ब्लैक फ्लेयर्ड प्लस साइज ड्रेस

अगर आपकी सोसाइटी में किटी पार्टी का प्लान है या आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने वाली है और ऐसे में आउटफिट को लेकर परेशान है, तो आपके लिए यह खूबसूरत ब्लैक फ्लेयर्ड प्लस साइज ड्रेस एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। ऐसी ड्रेस आपको हर साइज में मिल जाएगी। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस



तरह की ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।

### हेल्टर नेक एंब्रायडरी प्लस साइज ड्रेस

अगर आपका वजन ज्यादा है और ऐसे में आप पहनने के लिए आउटफिट सिलेक्ट नहीं कर पाती है या प्लस साइज आउटफिट को खोजने में मुश्किलों का सामना करती है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत हेल्टर नेक एंब्रायडरी प्लस साइज ड्रेस को ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस के साथ आप ब्लैक कलर की हिल्स या शूज भी शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती ह

### टायर्ड प्लस साइज ड्रेस

अगर आप अपने ऑफिस में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती हैं और ऐसे में आउटफिट तलाश रही है, तो आपके लिए यह ब्लैक टायर्ड प्लस साइज ड्रेस एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकती है। इसे आप अपनी साइज के हिसाब से खरीद सकती हैं। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए इस ड्रेस के साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर सकती हैं।

### ब्लैक फ्लोरल प्लस साइज मैक्सी ड्रेस

अगर आप प्लस साइज वूमेन के हिसाब से कोई खास ड्रेस तलाश रही है, तो अब आप इस खूबसूरत ब्लैक फ्लोरल प्लस साइज मैक्सी ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में आप अपने फिगर को गॉर्जियस बना सकती है और मोटापे को छुपा सकती है। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

